झारखण्ड देखो

Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition

www.jharkhanddekho.com • वर्ष 01 • अंक 321 • पृष्ठ 6 • बुधवार 1 दिसंबर 2021 Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com

सतन आश्रम ट्रस्ट, धधकिया द्वारा संचालित

सतन आश्रम रामगोपाल शर्मा

गुरुकुलम

आपके बच्चों का उज्जवल भविष्य

नए सत्र में नवम् एवं दशम् वर्ग शुरू हो रहा है।

कक्षा - बाल वर्ग से अष्टम् वर्ग तक

माध्यम - हिन्दी एवं अंग्रेजी

(सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम)

कम्प्यूटर | मध्यान भोजन | प्रयोगशाला

फिनलैंड एवं भारतीय संस्कृति के माध्यम से अनुभवी शिक्षक द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था

सत्र 2020-21 के लिए नामांकन प्रारंभ है।

• स्थान : सतन आश्रम, रामगोपाल शर्मा, धधकिया • सम्पर्क नं. - 8409399342, 7903712653 • www.rgsgurukulam.com

संक्षिप्त समाचार

राजस्थान दौरे पर जाएंगे केंद्रीय गृह मंत्री, भारत-पाक सीमा पर बिताएंगे रात

नयी दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चार दिसंबर को एक रात राजस्थान में भारत–पाकिस्तान सीमा के पास बिताएंगे। समाचार एजेंसी एएनआई की एक रिपोर्ट के अनुसार गृह मंत्रालय के शीर्ष सूत्रों ने बताया कि अपनी दो दिवसीय राजस्थान यात्रा के दौरान एक रात वह बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) जवानों के साथ रहेंगे। गृह मंत्री चार दिसंबर को जैसलमेर का दौरा करेंगे और यहां अंतरराष्ट्रीय सीमा की निगरानी करने वाले बीएसएफ के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। सूत्रों ने बताया कि जैसलमेर पहुंचने के बाद शाह पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा की समीक्षा करेंगे। वह बीएसएफ अधिकारियों की ओर से की जाने वाली रात्रि पैट्रोलिंग भी देखेंगे। वह क्षेत्र की एक सीमा चौकी पर बीएसएफ अधिकारियों के साथ एक रात्रि व्यतीत करेंगे। यह पहली बार होगा जब गृह मंत्री सीमा के पास बीएसएफ अधिकारियों के साथ रात गुजारेंगे। वह पांच दिसंबर को जैसलमेर में पहली बार हो रहे बीएसएफ के स्थापना दिवस में भी शामिल होंगे।

सुविचार

बीजेपी मुसलमानों को भारतीयों और मनुष्यों के रूप में मानती है।

● **अटल बिहारी वाजपेयी**

बिजनेस

बीएसई सेंसेक्स

57,064.87–195.71 (0.34%)

निफ्टी

16,972.60–81.35 (0.48%)

दैनिक पंचांग

सूर्योदयः 06:56 ए एम
सूर्यास्तः 05:24 पी एम
तिथिः द्वादशी - 11:35 पी एम तक
नक्षत्रः चित्रा - 06:47 पी एम तक
योगः सौभाग्य - 08:45 पी एम तक
करणः कौलव - 12:59 पी एम तक
द्वितीय करणः तैतिल - 11:35 पी एम तक
पक्षः कृष्ण पक्ष
वारः बुधवार

विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा स्थगित

नई दिल्ली/एजेंसी।

राज्यसभा में 12 विपक्षी सदस्यों को शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित करने के मुद्दे पर कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के करीब 10 मिनट बाद अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस एवं कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदन से वाक आउट भी किया।

विपक्षी सदस्यों ने राज्यसभा के 12 सदस्यों को शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किए जाने और केंद्र के तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने संबंधी विधेयक को बिना चर्चा के पारित कराने का मुद्दा उठाने का प्रयास किया। आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने हाल में हुए उपचुनाव में दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव से निर्वाचित सदस्य कलाबेन डेलकर से सदन की सदस्यता लेने का आग्रह किया। इसके बाद, अध्यक्ष ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू करने को कहा, वैसे ही विपक्षी सदस्य अपनी बात रखते हुए शोर-शराबा करने लगे। प्रश्नकाल में भाजपा सदस्य पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल ने देशी गौवंश से संबंधित प्रश्न पूछा और कहा कि विपक्ष किसानों से बात से नहीं करने दे रहा। वहीं, विपक्ष सदस्यों से प्रश्नकाल चलने देने की अपील करते हुए लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि यह प्रश्नकाल है, इसमें इतने महत्वपूर्ण सवाल हैं, ऐसे में 'आप प्रश्न पूछिए'। उन्होंने कहा, 'आप यहां चर्चा करने के लिये आए हैं। चर्चा करें तथा अच्छा वातावरण बनाये रखें।'

ओमिक्रॉन वैरिएंट :

भारत में अब तक एक भी मामला नहीं : केन्द्र

नयी दिल्ली/एजेंसी।

ओमिक्रॉन वैरिएंट को लेकर जहां दुनिया के कई देशों में लोग दहशत में हैं वहीं केंद्र सरकार ने आज राहत की खबर दी है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने राज्यसभा कहा कि कोरोना का नया वायरस दुनिया के 14 देशों में पाया गया है लेकिन यहां अभी तक इसका कोई मामला मिला है। एक एडवाइजरी जारी की गई है अगर कोई संदिग्ध मामला मिलता है तो उसकी तुरंत जांच की जा रही है और जीनोम सीक्वेंसिंग भी की जा रही है। हालांकि, राज्यों में इसे लेकर डर का माहौल बना हुआ है। हमने वैरिएंट की पुष्टि के लिए कुछ सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजे हैं। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट पर कोविड-19 स्क्रीनिंग भी बढ़ाई जाएगी।

ओमिक्रॉन वैरिएंट को लेकर केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने कहा कि हम वर्तमान हालात को लेकर विचार-विमर्श करेंगे और हर संभव कदम उठाएंगे। हमने केंद्र सरकार से 18 वर्ष से कम आयु के लोगों के लिए टीकाकरण शुरू करने की मांग की है। कर्नाटक सरकार ने भी सतर्कता दिखाई है। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि हम कोविड-19 के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन को देखते हुए स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। तेलंगाना में कोविड-19 के नए स्वरूप ओमिक्रॉन से निपटने और टीकाकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के उपायों के लिए कैबिनेट की एक उप-समिति बनाई गई है। इस समिति की अध्यक्षता राज्य के स्वास्थ्य मंत्री टी हरीश राव करेंगे। ओमिक्रॉन वैरिएंट को लेकर कर्नाटक सरकार ने भी

बिहार विधानसभा परिसर में मिलीं शराब की बोतलें

पटना/एजेंसी।

बिहार में शराबबंदी किस कदर विफल साबित हो रही है, उसका उदाहरण मंगलवार को विधानसभा परिसर में ही देखने को मिला। यहां उस समय सनसनी फैल गई जब शराब की कई खाली बोतल मिलीं। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव खुद उस जगह पर गए, जहां शराब की बोतलें पड़ी थीं। तेजस्वी ने इसे लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमले करते हुए उन्हें घेरने की कोशिश की।

तेजस्वी ने कहा कि ऐसे समय जब विधानसभा की सुरक्षा इतनी कड़ी है। तब शराब के बोतलें मिलना साफ़ करता हैं कि बिहार में शराबबंदी नाकाम है। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा परिसर में कितने धड़ल्ले से शराब की बोतल पहुंच गई। अगर बिहार विधानसभा में बोतल पहुंच गई तो सीएम को इस्तीफा दे देना चाहिए। जहां सीएम खुद बैठे हैं, वहां से यह स्थान 100 मीटर भी नहीं होगा।

आवश्यकता

झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी जिलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

संपर्क करें -9955599136

बिना मास्क बाहर निकले तो देना होगा 500 रुपये जुर्माना, शादी समारोहों में भी बढ़ेगी सख्ती

भोपाल/एजेंसी।

मध्य प्रदेश में कोरोना वायरस की तीसरी लहर का खतरा मंडराने लगा है। राजधानी भोपाल और इंदौर में नए केसेज की संख्या एक बार फिर बढ़ने लगी है। इसे देखते हुए दोनों शहरों में सख्ती भी बढ़ाई जा रही है। भोपाल में अब बिना मास्क लगाए घर से बाहर निकलने पर 500 रुपये जुर्माना देना होगा। पहले यह रकम 100 रुपये थी। कलेक्टर अविनाश लवानिया ने मंगलवार को यह आदेश जारी किया है। शाम को उन्होंने वीडियो संदेश जारी कर लोगों से साावधानियां बरतने की अपील भी की है। कलेक्टर के आदेश में कहा गया है कि जिन व्यावसायिक संस्थानों में वैक्सीन के दोनों डोज लगे बिना कर्मचारी मिलेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शहर में कोरोना संक्रमित मरीजों को अब होम आइसोलेशन में नहीं रखा जाएगा। उन्हें काटजू हॉस्पिटल में भर्ती कराया जाएगा। शादी समारोह और अन्य आयोजन को लेकर भी नए आदेश जारी किए हैं।

राजधानी में शादी समारोह में आने वाले मेहमानों के लिए वैक्सीन का दोनों डोज अनिवार्य होगा। इसके अलावा शादी समाारोह में शामिल बैंड-बाजे, टेंट और कैटरिंग कर्मचारियों के लिए भी यह शर्त लागू होगी।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का सदस्य बनें

संतोष सिन्हा
जिला अध्यक्ष
राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस पार्टी (एनसीपी), दुमका
मो. : 8210067708

प्रभाकर प्रसाद
अध्यक्ष
राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस पार्टी
झारखंड प्रदेश

मा. श्री राजा पीटर उर्फ गोपाल कृष्ण पातर
पूर्व मंत्री झारखंड सरकार

घर वापसी की ओर...

आंदोलन वापसी को तैयार कई किसान संगठन, कल हो सकती है घोषणा

नई दिल्ली/एजेंसी।

संसद में तीन कृषि कानून निरस्त होने के बाद प्रदर्शनकारियों ने इसे अपनी जीत करार देते हुए, एमएसपी की गारंटी, शहीदों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग रखी। पंजाब की 32 जत्थेबंदियों की सोमवार को सिंघू बॉर्डर पर हुई बैठक में घर वापसी पर सहमति बन गई है लेकिन अंतिम फैसला एक दिसम्बर को संयुक्त किसान मोर्चा की आपात बैठक होगा। साथ ही उम्मीद की जा रही है कि बुधवार को आंदोलन खत्म हो सकता है।

भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि ये काले कानून बीमारी थे, जितना जल्दी कट गए उतना जल्दी ठीक है। अब इस बिल पर राष्ट्रपति की मुहर लग जाएगी तो ये खत्म हो जाएंगे। सरकार जहां बुलाएगी हम वहां बात करने जाएंगे। किसान नेताओं ने प्रधानमंत्री को 21 नवम्बर को लिखे पत्र का हवाला देते हुए अपनी छह मांगों को याद दिलाया और कहा कि मंगलवार तक केंद्र सरकार पत्र का जवाब दे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवम्बर को तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा के बाद आज संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन दोनों सदनों ने कृषि कानून निरसन विधेयक पारित कर दिया गया। तीनों कानून संसद द्वारा निरस्त होने के बाद किसान नेता डॉ. दर्शन पाल ने कहा कि, यह हमारी जीत है।बता दें कि करीबन 42 किसान जत्थेबंदियों ने तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग को लेकर 26 नवम्बर 2020 से दिल्ली के टीकरी, सिंघू और गाजीपुर बॉर्डर पर प्रदर्शन शुरू किया था। सोमवार को पंजाब के 32 किसान जत्थेबंदियों की बैठक में घर वापसी के लिए सहमति बन गई है लेकिन अंतिम फैसला बुधवार को होगा। मोर्चा के 42 प्रतिनिधियों की कमेटी की आपात बैठक पहले 4 दिसम्बर को प्रस्तावित थी। भारतीय किसान यूनियन के नेता हरमीत कादियान ने कहा, इस जीत के बाद हमारे पास कोई बहाना नहीं है। अब बस घर वापसी पर मोर्चा की मुहर लगनी बाकी है। उन्होने कहा कि लोकसभा, राज्यसभा में कृषि कानून वापस ले लिए गए हैं। पराली, बिजली एक्ट से किसानों को निकाल दिया गया है ये हमारी जीत है। एमएसपी पर सरकार कमेटी बनाएगी और उसके लिए केंद्र सरकार को एक दिन का वक्त दिया है।

कमेटी में कितने किसान होंगे, वह कितने वक्त में फैसला लेगी ये सब साफ होना चाहिए। केंद्र सरकार मुकदमें वापस करवाए, शहीद किसानों को मुआवजा दे।

!! HURRY !!

JOIN NOW

मित्र सेवा के साथ बनें बैंक मित्र

और बैंक मित्र बनकर करें

Aeps, DMT, MATM, Bill

Payment और Recharge

साथ ही हर ट्रांसक्शन पर कमाएं

अधिक कमीशन

अधिक जानकारी के लिए और हमसे जुड़ने के लिए सम्पर्क करें :

9151005283
9006469840

Mitr Sewa
Vikas Sahkr Dwaar

एक बार भुगतान आजीवन व्यापार

Immediately Required

Franchise / Mitr Sewak

for working on following services on commission basis:-

- Amazon Easy store
- Mitr Digi Portal (AEPS, , DMT, ATM, RECHARGE, BILL PAYMENTS etc.)
- Online Bima for all major Bima Companies
- Online E-Store for E-Commerce
- Mutual fund, Tax filling, NPS, Share, Demat / online Trading Othere services

Registration Charges 2000+GST

Income opportunity of Rs. 40,000-60,000 with les investment

Mitr Sewa Pvt. Ltd.
Vikas Sabke Dwaar

Immediately contact

Shri : Manoj Kumar
Post : Area Manager, Mitr Sewa Foundations
Mob : 9151005283, 9006469840
Email : manoj.kumar@mitrsewa.in

विस्फोटकों का इस्तेमाल कहाँ और किस मकसद से होना था यह बड़ा सवाल

शिकारीपाड़ा पुलिस ने पश्चिम बंगाल के चार लोगों के खिलाफ किया मामला दर्ज

दुमका।

शिकारीपाड़ा में बीते रविवार को भा-री मात्रा में मिले विस्फोटक मामले में नया खुलासा हुआ है। एक पिक अप वैन से बरामद तबाही के सामान का तार बंगाल से जुड़ा हुआ है हालांकि पुलिस अब तक इस बात का पता नहीं लगा पायी है कि करीब 20 हजार पीस जिलेटिन बारूद और 20 हजार पीस डेटोनेटर को कहाँ पहुँचाया जाना था और इसका किस मकसद से कहाँ इस्तेमाल होना था। फिलहाल मामले में शिकारीपाड़ा पुलिस ने पश्चिम बंगाल के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। आरोपियों में बारूद बेचनेवाले से लेकर पिक अप वैन का मालिक और ड्राइवर तक शामिल है। मंगलवार को दुमका के पुलिस अनुमंडल

अवैध विस्फोटकों का बंगाल कनेक्शन

पदाधिकारी नूर मुस्तफा अंसारी ने इस बाबत शिकारीपाड़ा थाना परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जिस पिक अप वैन में तबाही का सामान लाया जा रहा था उस वैन का मालिक, ड्राइवर और लीज धारक पश्चिम बंगाल के आसनसोल का रहनेवाला है। बारूद बेचनेवाला जावेद भी आसनसोल का है। मामले में वाहन मालिक इंजमाम मनाहर, ड्राइवर टीपू खान और वाहन का लीज धारक मो अकबर कुरैशी सहित विस्फोटक बेचनेवाले जावेद के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत शिकारीपाड़ा थाना में मामला दर्ज किया गया है। एसडीपीओ ने कहा कि पिक अप वैन से 240 पीस सूखा नारियल बरामद किया गया है जिसके नीचे छुपाकर अवैध ढंग से 20 हजार 641 पीस जिलेटिन छड़ और 20 हजार 150 पीस डेटोनेटर ले जाया जा रहा था। इसके अलावा अन्य सामान बरामद किया गया है। बता दे कि बीते 28 नवम्बर की रात एसपी के निर्देश और एक गुप्त सूचना मिलने पर शिकारीपाड़ा पुलिस ने अलग अलग जगह वाहन चेकिंग के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया। सूचना थी कि दो से तीन मालवाहक गाड़ियों में बारूद का जखीरा गुजरने वाला है। इसी दौरान दुमका से शिकारीपाड़ा की ओर तेज रफ्तार से भाग रही बारूद से भरे एक पिक अप वैन का पत्ताबाड़ी में तैनात पुलिस अवर निरीक्षक सुगना मुंडा ने सशस्त्र बल के साथ पीछा किया।भागने के क्रम में पिक अप वैन शिकारीपाड़ा के मोहुल पहाड़ी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। मौके से वैन का ड्राइवर फरार हो गया। पुलिस ने जब पिक अप वैन को जब्त कर तलाशी ली तो वैन में अवैध रूप से नारियल के बोरे के नीचे छुपाकर रखे गए विस्फोटकों का जखीरा बरामद हुआ। गौरतलब है कि शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र उग्रवाद प्रभावित है और यह माइंस एरिया भी है जहाँ वैध और अवैध ढंग से कई पत्थर खदानें चल रही है। अब इन विस्फोटकों का इस्तेमाल कहाँ और किस मकसद से होना था यह बड़ा सवाल है।

संक्षिप्त समाचार

आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता

दुमका। उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। पेंशन, राशन, प्रधानमंत्री आवास, तालाब जीर्णोद्धार सहित अन्य समस्याओं को लेकर लोगों ने उपायुक्त से मुलाकात की। उन्होंने सभी से बात कर उनकी समस्याओं को जाना। कहा कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान उन्होंने आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बारे में भी लोगों को बताया। कहा कि पंचायत स्तर पर कार्यक्रम कर आपकी समस्याओं को दूर किया जा रहा है। प्राप्त सभी आवेदनों के नियमानुसार निष्पादन हेतु उन्होंने संबंधित अधिकारी को निदेश दिया है।

पांदनपहाड़ी मैदान से युवक का शव बरामद

दुमका। जामा थाना क्षेत्र के पांदनपहाड़ी गांव के समीप मैदान से मंगलवार को जामा थाना की पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। शव की पहचान रांगा गांव के मुलबिन सोरेन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शुबह स्थानीय लोगों ने जामा थाना को फोन पर एक युवक के मृत पड़े होने की सूचना दी सूचना मिलते ही जामा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। जामा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान मसलिया थाना क्षेत्र के रांगा गांव के नारायणपुर टोला के रहने वाले 35 वर्षीय मुलबिन सोरेन के रूप में हुई है। जो अपने पत्नी नोमिला टुडु के साथ ससुराल हरिपुर थाना मुफसिल दुमका में रहता था।प्रथम दृष्टया में अधिक शराब पीने मिर्गी का दौरा पड़ने या रात भर खुले आसमान के निचे रहने से ढंड से मौत होने की संभावना है लेकिन फिर भी आवशयक जाँच पड़ताल की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर सही जानकारी प्राप्त होगी।फिलहाल इस घटना के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

पारिवारिक विवाद में नाती ने कर दी नाना की हत्या,हत्यारा नाती फरार

दुमका। जामा थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी पूर्णिया गांव में पारिवारिक विवाद में सोमवार की शाम नाती ने अपने 60 वर्षीय सगे नाना सनपती लायक की हत्या कर दी.हत्या के तुरंत बाद हत्यारा नाती फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही जामा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लेने के बाद मृतक के शव को जब्त कर थाना ले आए। बाद में शुबह पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सनपति लायक के पांच दामाद घर जमाई के रूप में मृतक के घर छोटी पूर्णिया गांव में ही रहते है। घटना के दिन आरोपी नाती जयकिशन लायक के पिता फुलेश्वर लायक अपनी पत्नि रेणु देवी के साथ लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। तभी बीच बचाव के लिए नाना सनपति लायक आ गये.इसी दरमियान नाती जय किशन लायक ने आवेश में आकर मोटे बांस के बल्ला से नाना के सर पर प्रहार कर दिया जिससे नाना सनपती की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। अंत में ग्रामीणों ने जामा थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी।लेकिन पुलिस के पहुचने से पहले अचानक हुए हादसे से घबराया जयकिशन घर से फरार हो गया। इधर घटना के बाद पुलिस मामले की छानबीन करने एवं आरोपी हत्यारे की धड़ पकड़ करने में जुटी हुई है।

39 वर्षों की अटूट सेवा के उपरांत भव्य विदाई समारोह का आयोजन

दुमका :

राजकीय मध्य विद्यालय लखीकुण्डी, दुमका सदर की शिक्षिका पूनम प्रसाद के 39 वर्षों की अटूट सेवा के उपरांत विद्यालय प्रांगण में इस उपलक्ष्य में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि एस के एम यूनिवर्सिटी के रजिस्टार/कुल सचिव डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने विनम्र व मृदुल स्वभाव की शिक्षिका पूनम प्रसाद को आदर्श शिक्षिका बताते हुए उनके गुणों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाध्यापिका सुशीला सरस्वती एवं सहायक शिक्षक/शिक्षिकाओं, अभिभावकों एवं बच्चों ने सेवा निवृत्त हो रहे शिक्षिका के प्रति उद्गार की अभिव्यक्ति से ओत-प्रोत करते हुए उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की और इस भाव वि''ल बेला में सभी के नयनों से नीर छलक पड़े। श्रीमती प्रसाद ने अपनी भावनात्मक अभिव्यक्ति से सभी अभिभावकों से विद्यालय के प्रति इसी प्रकार की सहयोगात्मक आस्था को बरकरार रखने का आग्रह किया एवं सभी स्नेहयुक्त बच्चों और छोटे को आशीष एवं बड़ो के प्रति आदर भाव व्यक्त करते हुए विद्यालय और समाज एवं देश के प्रति सुमंगल शुभकामनायें व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से श्रीमती प्रसाद को मान-पत्र प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर डॉ. संजय कुमार सिन्हा, सुशीला सरस्वती, मनीष गुप्ता, रीता कुमारी साह, रेखा कुमारी, स्मिता हाँसदा, अनुराधा कुमारी, रीता रानी, सोनामुनी किस्कु, फूल कुमारी हाँसदा, कुमारी माद्री, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य गण, अभिभावक, बच्चे एवं श्रीमती प्रसाद के परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे .

लाह की खेती हेतु शिकारीपाड़ा एवं मसलिया प्रखंड में 143 किसानों का चयन

दुमका। ग्रामीण विकास विभाग,झारखंड सरकार अंतर्गत जेएसएलपीएस द्वारा संचालित जोहार परियोजना एवं नारीशक्ति महिला संघ,शिकारीपाड़ा के सहयोग द्वारा इस साल लाह की खेती हेतु शिकारीपाड़ा एवं मसलिया प्रखंड में 143 किसानों का चयन किया गया है जो पलाश के पेड़ों पर रंगीनी लाह उत्पादन पर कार्य करेंगी। इन पलाश पेड़ों पर लाह चढ़ाने के लिए फरवरी माह में ही डाली की छटाई की जा चुकी है। अब बिहन लाह इन चयनित 127 किसानों द्वारा अक्टूबर माह में लगाया जा चुका है। इसी क्रम में आज 30 नवंबर से चयनित पलाश के पेड़ों पर दवा छिड़काव का कार्य शुरू कर दिया गया है।लघुवनोज के अंतर्गत आजीविका वनोपज मित्र का चयन करके इन्हें जोहार परियोजना द्वारा रांची में प्रशिक्षण दिया गया है और ये कैडर्स चयनित किसानों को तकनीकी सहायता प्रदान कर उन्हें ज्यादा से ज्यादा लाह उत्पादन में मदद करेंगे। इन सभी चयनित किसानों को दो हजार रुपयों की राशि जेएसएलपीएस अंतर्गत जोहार परियोजना से उपलब्ध करवाई गई है एवं लाह उत्पादन से जुड़ी दवाएं, स्प्रेयर, कैंची एवं लाह दुमका स्थित ' संथाल परगना महिला प्रोड्यूसर्स कंपनी' द्वारा उपलब्ध करवाई गई है।

मुर्गियों के लिए दाना का वितरण

दुमका। जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास विभाग,झारखंड सरकार द्वारा संचालित जोहार परियोजना के माध्यम से 30 नवम्बर 2021 को मसलिया जामबद् और नूतनतसरिया आजीविका उत्पादक समुहों की दीदियों के बीच कुल 1379 चूजे एवं प्रति सदस्य 12 किलोग्राम मुर्गियों के लिए दाना का वितरण किया गया। इससे पहले ग्रामीणों को मुर्गीघर बनाने के लिए सहयोग राशि जोहार योजना से दिया गया था तथा मुर्गों के दाना पानी के लिए ड्रिकर और फीडर भी दिये गए है। इस दौरान दीदी को शीत ऋतु के अनुसार मुर्गों के रख रखाओ के बारे मे भी बताया गया। मौके पर जोहार योजना से बीपीओ, एफटीसी, सीएलएम राजू राय और एसपीएमपीसीएल के मुकेश कुमार भी उपस्थित थे।

प्राप्त आवेदनों पर यथोचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

दुमका

उपायुक्त दुमका ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने अब तक आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से किए गए शिकायतों के निष्पादन, ऑनलाइन दर्ज किए गए सभी आवेदनों की संख्या एवं परिसंपत्तियों के वितरण आदि कार्यों की वस्तुस्थिति पर चर्चा की।

उपायुक्त ने जिला स्तर पर गठित टीम द्वारा समस्याओं का समाधान व निष्पादन की गति को निरंतर बेहतर बनाये रखने की बात कही। उन्होंने पंचायतों में लगने वाले शिविर में सभी संबंधित विभागों को सुयोजित तरीके से कैम्प लगाने की बात कही।उन्होंने सभी वरीय पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को कैम्प का निरीक्षण करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि जब तक शिविर में लोग मौजूद रहेंगे तब तक कैंप में अधिकारी उपस्थित होंगे। उपायुक्त ने कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने की बात कही। उपायुक्त ने कार्यक्रम के दौरान रोजाना आने वाले शिकायतों के निष्पादन और उसके डाटा एंट्री को लेकर सभी प्रखंडों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया। कहा कि कार्यक्रम के दौरान चिन्हित स्थलों पर कम्प्यूटर ऑपरेटर और आवशयक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें। ताकि आने वाले आवेदनों को ऑनलाइन अपलोड करने में कोई परेशानी न हो। प्राप्त आवेदनों पर यथोचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला स्तर के वरीय अधिकारी, सभी प्रखंड के प्र-खंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

आपके अधिकार आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम जीकरहट्टी पश्चिमी पंचायत में शिविर आयोजित

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़। आपके अधिकार आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पाकुड़ जिले के जीकरहट्टी पश्चिमी पंचायत में शिविर आयोजित की गई. जहां मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिला अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव, विधायक प्रतिनिधि देबू विश्वाश उपस्थित हुए। जिला पंचायती राज पदाधिकारी महेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में अतिथियों द्वा-रा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बताते चले कार्यक्रम में मनरेगा योजना स्वीकृति पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, ई-श्रम कार्ड, ग्रीन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, वृद्धा पेंशन स्वीकृति पत्र, प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्र,एवं कन्यादान योजना अन्तर्गत लाभुको को लाभ एवं परिसंपत्तियों का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। सांसद प्रतिनिधि श्री श्याम यादव ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की हेमंत सरकार द्वार चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना के बारे में बताने एवं आप सभी को जागरूक कर योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आगाज किया गया है। माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में झारखंड सरकार काफी अच्छा कार्य कर रही है। राज्य की हेमंत सरकार द्वारा यहां के आदिवासी व मूलवासी के रोजगार की दिशा में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है। हर प्राइवेट कंपनी को रोजगार के क्षेत्र में यहाँ के निवासियों को 75 प्रतिशत आरक्षण देने की योजना की शुरुआत की गई है। यहां के शिक्षित बेरोजगारों के लिए 25 लाख रुपये तक कि ऋण की व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार द्वारा धोती साड़ी योजना की शुरुआत की गई है जिसके तहत हरेक कार्डधारी को 10 रुपये में साड़ी व धोती मिलती है। सरकार द्वारा झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राशन कार्ड से वंचित 15 लाख लोगों को हरा राशनकार्ड बनाकर खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ा गया। राज्य की हेमंत सरकार ने झारखंड के सभी वृद्ध को पेंशन योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है इस प्रक्रिया को सरल बनाते हुए एपीएल बीपीएल कार्ड और 14 सूत्र की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। उन्होंने कहा की आप योजनाओं के बारे में जाने और योजनाओं का सत प्रतिशत लाभ ले साथ ही उन्होंने कोविड 19 महामारी को जड़ से समाप्त करने हेतु सभी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में टीका लगाने का अनुरोध किया। बताते चले की मौके पर विभिन्न विभाग का स्टॉल लगाकर वृद्धा पेंशन योजना, आवास योजना, मछली पालन योजना, ऋण माफी योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, कृषि योजनाओं का निष्पादन के लिए तरित कारवाई किया गया और दाखिल खारिज हेतु लोगों ने बढ़ चढ़क-र हिस्सा लिया मुख्यमंत्री खाद्य सुरक्षा योजना के तहत वंचित लोगों का राशन कार्ड के लिए आवेदन लिया गया। मौके पर झामुमो पूर्व अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष हबीबुर रहमान,पूर्व प्र-खंड उपाध्यक्ष मुस्लेउद्दीन शेख, मुखिया नजेमा बेगम, अजफरुल शेख, फिरोज शेख, यूसुफ खान, तनवीर आलम, वसीम अकरम एहेदीन शेख, अमीरुल शेख बा-रीक शेख, बदरुल शेख सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

सिद्धो- कान्हू मुर्मू पार्क का डीसी ने किया निरीक्षण

पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। सिद्धो- कान्हू पार्क में किए जा रहे सौंदर्यकरण के कार्य का निरीक्षण मंगलवार को उपायुक्त वरुण रंजन के द्वारा किया गया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पार्क में बन रहे वाटरफॉल के कार्यों का अवलोकन किया इसके साथ-साथ अब तक कितने कार्य किए गए और कितना कार्य किया जाना है इसकी जानकारी ली। जानकारी लेने के बाद सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त वरुण रंजन ने बताया कि जिला प्रशासन व नगर परिषद के संयुक्त तत्वाधान में पार्क का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है और यह पार्क ऐतिहासिक है, इस कारण लोगों को और अधिक सुविधा को लेकर जिला प्रशासन प्रयासरत है। कहा कि पाक में लोगों के लिए बड़ा वाटरफॉल लगाने का कार्य किया जा रहा है साथ ही साथ छोटे बच्चों के लिए मनोरंजन की भी बेहतरीन व्यवस्था की जा रही है। पार्क में म्यूजिक सिस्टम भी लगाया जा रहा है ताकि इसका लाभ लोगों को मिले। उन्होंने कहा कि सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द से जल्द पूरा हो इसका हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी कौशलेश कुमार यादव, एसएमपीओ पवन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

लाभुकों को लाभान्वित करना ही प्राथमिकता

पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत झिकरहटी ग्राम पंचायत झिकरहटी पश्चिम पाकु-ड़ प्रखंड में लगाए गए शिविर। आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सरकार की एक कल्याणकारी सराहनीय पहल है। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से लाभुकों को लाभान्वित करना ही प्राथमिकता। जिले को संक्रमण मुक्त बनाने के दिशा में शत प्रतिशत टीकाकरण कार्यक्रमों का आयोजन हुआ सभी लाभुकों को जाति, निवास, आय, लगान रसीद ,की सुविधा ऑन द स्पॉट दिया गया। सरकार की योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, दीदी बाड़ी योजना, के द्वारा फिरोजा बेबी पति नुरुल इस्लाम ग्राम उदयनारायणपुर ,साहनाज बेगम पति आमजाद शेख ग्राम कदमसर, पंचायत झीकरहटी इन सभी महिलाओं ने आर्थिक मदद पहुंचाने के लिए सरकार के द्वारा सराहनीय कार्यक्रम एवं दीदी बाड़ी योजना को आभार प्रकट कर रही हैं। सरकार द्वारा चलाया गया प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना ,पशुपालन, कल्याण, आवास योजना से लाभान्वित महिलाओं को आर्थिक सहयोग से अपनी रोजगार मिला ' 80 से 100 लोगों का कृषि लोन दिलवाने के लिए फॉर्म जमा किया गया.सरकार द्वारा चलाया गया प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 200 से 300लोगों का फॉर्म जमा लिया गया। 80 से 100 लोगों का ई शर्म कार्ड रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट दिया गया'।
समाज कल्याण विभाग के तहत 300 से 400 लोगों का फॉर्म जमा लिया गया जिसमें वृद्ध पेंशन, विधवा पेंशन का फॉर्म जमा लिया गया। आज के कार्यक्रम में पंचायत के कार्यकारी मुखिया, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि एवं प्रखंड और अंचल के कर्मी पंचायत स्तर के अधिकारी कर्मी एवं जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे और शिविर में सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल भी लगवाए गए।

11 हजार का हाई वोल्टेज तार टूट कर गिरने से फसल जल कर बर्बाद

पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत खक्सा पंचायत के नावाडीह गाँव में सोमवार को ग्यारह हजार का हाई वोल्टेज तार टूट कर गिरने से पाँच बीघा खेत पर बो कर काटा गया धान का फसल जल कर बर्बाद हो गया। इस बाबत किसान पानवती देवी ने अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पाकुड़िया एवं विद्युत सहायक अभियंता अमड़ापाड़ा को लिखित शिकायत देकर उचित मुवावजा की माँग के साथ क्षतिपूर्ति की माँग की है। धान फसल के मालकिन पानवती देवी ने बताई की वह बहुत मुश्किल से ऋण लेकर पसीना बहाकर 5 बीघा खेत पर धान का फसल लगाई थी,फसल पकने पर उसे काट कर एक जगह खेत पर रखी थी जो बिजली तार गिरने से जलकर काख हो गया। अब वह दाने दाने के लिए मोहताज हो गई है।

असहाय एवं गरीबों के बीच कंबल का वितरण

पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। पाकुडिया प्रखंड में अचानक बढ़ी शीतलहरी, कनकनी एवं भीषण ठंढ़ को देखते हुए बीडीओ मनोज कुमार के निर्देश पर पंचायतों में कंबल वितरण कर गरीबों को राहत पहुंचाने का कार्य अनवरत जारी है। गरीबों की माने तो वर्षों बाद ऐसा हुवा कि ठंढ़ में ठीक समय पर प्रशाशन द्वारा कंबलों का वितरण जरूरतमंदों के बीच शुरू करवाया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को पाकुड़िया पंचायत के मुखिया अनिता सोरेन ने पंचायत भवन में असहाय एवं गरीबों के बीच दर्जनों कंबलों का वितरण किया। इस दौरान कंपकपाती ठंढ़ के बीच कंबल पाकर लोगों ने राहत की सांस ली। श्रीमती अनिता सोरेन ने बताया कि ठंढ़ के मद्देनजर पंचायत में गरीबों के बीच कंबलों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जरूरत के मुताबिक कम कंबलों की आपूर्ति की गई है। बहरहाल कंबल पाकर गरीबों ने राहत की सांस ली। मौके पर पंचायत सचिव दिनेश भंडारी सहित अन्य लाभुक उपस्थित थे।

विद्यालय प्रांगण में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत डोमनगड़िया पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रांगण में मंगलवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का उदघाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, अंचलाधिकारी किरण कुमार डांग, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, सांसद प्रतिनिधि खुर्शीद आलम आदि अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान शिविर में डोमंगड़िया पंचायत के दर्जनो सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों के सैकड़ों की संख्या में लोगो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन वहां लगे स्टालों में देक-र उसके समाधान का निवेदन किया । मौके पर ही छोटी मोटी समस्याओं का निदान भी किया गया। शिविर में बीडीओ मनोज कुमार एवं बीपीओ जगदीश पंडित ने सरकार की दर्जनो जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में पूरे विस्तार से जानकारी देकर जरूरतमंदों से इसका लाभ उठाने की अपील की। शिविर में सुदूरवर्ती गाँवों से पहुँचे सैकड़ों लोगों ने आवास, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास को लेकर आवेदन जमा किया। शिविर में पहुँचे निरीह लोगो के बीच बीडीओ ने मुफ्त कम्बल का वितरण किया । शिविर में अलग अलग विभागों के करीब एक दर्जन से भी अधिक स्टाल लगाए गयी थी. जहां लोगो ने फरियाद लगायी । मंच का संचालन बीपीओ जगदीश पंडित एवं। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा ने किया। मौके पर मु इस्लाम अंसारी, प्रखंड प्रमुख शुशीला मरांडी, देबीलाल मास्टर, शंकर साह, मु इकरामुल, मुखिया अनिता बेसरा, सनत मुर्मू, डॉ नवल कुमार सहित प्रखंडस्तरीय सभी विभागों के स्टॉल मौजूद थे।

17 राज्य स्तरीय सब जूनियर वुशु प्रतियोगिता जिले के चार खिलाड़ी ने जीता पदक

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़। 17वीं झारखंड राज्य स्तरीय सब जूनियर वु-शु प्रतियोगिता 2021 का आयोजन झारखंड वुशु संघ द्वारा 27 एवं 28 नवंबर से रांची के जेके इंटरनेशनल स्कूल रांची में आयोजित की गई थी. उक्त प्रतियोगिता में जिले से 4 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसमें की चारों खिलाड़ियों ने निम्न वजन वर्ग में पदक हासिल किया. अर्चिता दत्ता (26 किलो) ब्राउज़ पदक, रणवीर ठाकुर (24 किलो)- सिल्वर पदक, शाहिद रजा(26 किलो) ब्राउज़ पदक, पायल ठाकुर(34 किलो)- सिल्वर पदक हासिल किया. उक्त सभी चारों खिलाड़ियों को जिला उप विकास आयुक्त अनमोल कुमार सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष बाबू धन मुर्मू, आईटीडीए निर्देशक शाहिद अख्तर, जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को माला पहनाकर जिले का नाम रोशन करने पर धन्यवाद एवं शुभकामना दी. उक्त कार्यक्रम में जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अर्धेन्दू शेखर गांगुली, पाकुड़ जिला वुशु संघ अध्यक्ष मृणालिनी घोष, पाकुड़ एथलेटिक्स संघ अध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा उर्फ बुल्टी,पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ सचिव सह पाकुड़ जिला वुशु संघ के कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, वुशु संघ प्रशिक्षक नारायण चंद्र रॉय अशोक कुमार सिन्हा, संजय कुमार ठाकुर, उपस्थित थे.

आम लोगों से जागरूक होने की अपील

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़। नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 6 में हेमंत सरकार के निर्देशानुसार आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जहां मुख्य अतिथि के तौर पर नगर अध्यक्ष संपा साहा, जिला दंडाधिकारी पाकुड़, कार्यपालक पदाधिकारी कोशलेश कुमार यादव, झामुमो पूर्व जिला प्रवक्ता वंशराज गोप, कांग्रेस के कृष्णा यादव, झामुमो नेता मुकेश कुमार सिंह द्वा-रा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों द्वा-रा मौके पर ठंड को देखते हुए वृद्ध महिला एवं बुजुर्गों सहित कई लोगों को कंबल का वितरण किया गया एवं झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। जबकि कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा योजनाओं की बारीकियों को समझाया गया वही जिला दंडाधिकारी पाकुड़ द्वारा विभिन्न शिविरों पर चल रहे कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। नगर अध्यक्ष श्रीमती संपा साहा द्वारा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत लोगों को योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा लाभ देने की बात कही एवं योजनाओं का लाभ लेने में आ रही परेशानियों से अवगत कराने हेतु जनता से अपील की गई।जबकि झामुमो पूर्व जिला वंशराज गोप ने राज्य की हेमंत सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम लोगों को अवगत कराया गया उन्होंने सरकार के 2 साल में किए गए कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बारीकी से समझाया और कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में काफी अच्छा कार्य हो रहा है। रोजगार की दिशा में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि हर प्राइवेट कंपनी को रोजगार के क्षेत्र में यहाँ के निवासियों को 75 प्रतिशत आरक्षण देने की योजना की शुरुआत की गई है। यहां के शिक्षित बेरोजगारों के लिए 25 लाख रुपये तक कि ऋण की व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार द्वारा धोती साड़ी योजना की शुरुआत की गई है जिसके तहत हरेक कार्डधारी को 10 रुपये में साड़ी व धोती मिलती है। हेमंत सरकार ने झारखंड के सभी वृद्ध को पेंशन योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है इस प्रक्रिया को सरल बनाते हुए एपीएल बीपीएल कार्ड और 14 सूत्र की बाध्यता समाप्त कर दी गई है।कृष्णा यादव द्वारा जिले में चल रहे कई योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए आम लोगों से जागरूक होने की अपील की गई ताकि अधिक से अधिक लोगो तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके वही झामुमो नेता मुकेश सिंह द्वारा जन लोकहित में चलाए गए कार्यक्रम हेतु मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया. मौके पर नगर परिषद के सीआरपी दीदी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी एव नगर परिषद के पदाधिकारी गण एवं कई वार्डवासी उपस्थित थे।

जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी को कराया अवगत

पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। पाकुड़ जिला अन्तर्गत आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पाकुड़िया प्रखंड के डोमांगड़िया पंचायत में किया गया। लाभुकों के बीच परिसम्पतियों का किया वितरण। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों के बीच विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से लाभुकों को लाभान्वित किया। इसके अलावे आज के कार्यक्रम में पाकुड़िया प्रखंड के डोमांगड़िया पंचायत अन्तर्गत फूलों झानो आशीर्वाद योजना के तहत 2 लाभुकों के बीच दस दस हजार का चेक प्रदान किया गया साथ हीं गरीबों लोगों को कम्बल का वितरण, आवास निर्माण हेतु आवेदन पत्र लिया गया, पेंशन के लिए आवेदन लिया गया, मनरेगा जॉब कार्ड वितरण लाभुकों बीच किया गया। जिला स्तर के अधिकारियों व विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके अलावे आपके अधिकार-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा सरकार की चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से सभी को अवगत कराया गया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग के योजनाओं को प्रदर्शन करते हुए स्टॉल लगाया गया था, जहां योजनाओं से जुड़ी जानकारी के प्रचार-प्रसार हेतु पम्पलेट का वितरण भी लोगों के बीच किया गया। साथ हीं शत प्रतिशत कोविड टीकाकरण उदेश्य से स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन कर लोगो का कोविड जांच और कोविड का टीका दिया गया। इस दौरान उपरोक्त के अलावे संबंधित पंचायत के कार्यकारी मुखिया, प्रमुख, सभी संबंधित प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखण्ड एवं पंचायत स्तर के अधिकारी, कर्मी व जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

अवैध लॉटरी कारोबारी के खिलाफ पुलिस का छापा, 5 लॉटरी अभियुक्त को भेजा जेल

पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। एसपी के निर्देश पर हिरणपुर थाना के पुलिस ने अवैध लॉटरी के खिलाफ टीम गठन क्र छापेमारी किया गया. छपेमारी में 65850 रुपया का अवैध लॉटरी के साथ पांच लॉटरी बेचने वाले को गिरफ्तार किया गया. थान क्षेत्र में अवैध लॉटरी खेल बदस्तूर जारी है. इस खेल को रोकने के लिए पुलिस टीम गठित कर ताबड़तोड़ तीन घंटे तक छापेमारी कर 5 आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा। हिरणपुर थाना परिसर में एसपी जनार्दनन के निर्देश पर हिरणपुर पुलिस ने प्रेस कोंफ्रेस कर थाना प्रभारी मदन ने मिडिया को जानकारी दिया. उन्होंने बताया की अवैध लॉटरी खेल को लेकर लगातार जानकारी मिल रही थी. गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर गठित टीम द्वारा अभियान चलाकर 5 लॉटरी बिक्रेता को दबोचा गया. इन पांचों ने लॉटरी बेचने को लेकर स्वीकार किया. वही छापेमारी में कुल 65850/- रुपये की राशि की लॉटरी समेत सभी के पास से मोबाइल जब्त की गई है। वही थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि पश्चिम बंगाल एवं बरहड़वा से लॉटरी लाकर बेचने का काम किया जा रहा था साथ ही हिरणपुर के कुछ थोक विक्रेता का भी नाम आ रहा है जो अनुसंधान में पता चल जाएगा, 5 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी, पठन-पाठन बाधित

सांसद ने उपायुक्त से मिलकर समाधान करने का दिया आश्वासन

- **साइंस व आर्टस के ब्याख्याता शिक्षक नही होने से छात्रों की बढ़ी परेशानी**
- **कई शिक्षकों को कर दी दुसरे विद्यालय में प्रतिनियुक्त**

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

पाकुड़। पाकुड़ जिले के पाकुडिया प्र-खंड मुख्यालय स्थित उच्च शिक्षा का एकमात्र बेहतर संस्थान इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय परिसर में इन दिनों ब्याख्याताओं एवं विषयवार प्रशिक्षित शिक्षकों की भारी कमी का सीधा खामियाजा यहाँ रहकर पढ़ने वाले स्थानीय छात्र छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। हालात का आप अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि आर्ट्स यानी इंटर कला संकाय में यहां सिर्फ और सिर्फ एक ब्याख्याता ही सैकड़ों छात्र छात्राओं के लिये उपलब्ध हैं । वहीं हिंदी, राजनीतिशास्त्र, इतिहास , भूगोलशास्त्र , सामाजिक विज्ञान, साइकोलॉजी, खेलकूद, कम्प्यूटर जैसे अन्यान्य महत्वपूर्ण विषय के एक भी ब्याख्याता या शिक्षक उपलब्ध नही हैं। यही हाल साइंस फेकल्टी की भी है। इसमें भी जीव विज्ञान, रसायनशास्त्र, गणित जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक इंटर कॉलेज पाकुडिया में उपलब्ध ही नही हैं ।

- **प्लस टू में 500 छात्र है अध्ययनरत**

पाकुड़िया में प्लस टू हाईस्कूल में नामांकित लगभग 500 से भी अधिक छात्र छात्राओं का भविष्य धीरे धीरे अंधकारमय होता जा रहा है। वह-ीं भारत सरकार का नारा बच्चियां पढेंगी तभी तो आगे बढ़ेंगी यहां सि-र्फ जुमला बनकर रह गया है । इधर इस बाबत कॉलेज की छात्राएं हिना पाठक, लाडली कुमारी , नासि×फा खातून, ज्योति कुमारी, खुशी कुमारी , रोजमेरी मुर्मू , स्नेहा दास, मनीषा साहू, सोमू दास, अमन सिंह , विश्वजीत दास जैसे सैकड़ों अन्य छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने बताया कि ब्याख्याताओं के अभाव में उनकी विषयवार पढ़ाई एकदम नही हो रही है जिस कारण हमारी तैयारी अधूरी ही रह जाती है । जिसका खामियाजा हमे आगे आने वाले परीक्षाओं में भुगतना पड़ सकता है ।

- **छात्राओं ने डीसी को दुरभाष पर दी जानकारी**

पाकुड़िया प्लस टू के छात्रा लाडली कुमारी ने उपायुक्त पाकुड़ वरुण रंजन को फोन कर उन्हें पाकुडिया इंटर कॉलेज में आर्ट्स कला संकाय सहित विज्ञान की कक्षाओं में शिक्षकों एवं ब्याख्याताओं की घोर कमी से हो रहे नुकसान की जानकारी देकर उपायुक्त श्री रंजन से तत्काल यहां ब्याख्याताओं की प्रतिनियुक्ति करने की मार्मिक गु-हार लगाई जिसपर पाकुड उपायुक्त श्री रंजन ने अविलम्ब पाकुडिया इंटर कॉलेज में ब्याख्याताओं की प्रतिनियुक्ति का अश्वाशन दिया । ज्ञात हो कि पाकुडिया इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय में स्कूल एवं कॉलेज को मिलाकर यहां कुल 1700 छात्र छात्रा अध्ययनरत हैं बाबजूद यहां सरकार की नजरे इनायत ना के बराबर है । सबकुछ यहां भगवान भरोसे ही चल रहा है । यहां न ही स्कूल में पर्याप्त शिक्षक मौजूद हैं न ही कॉलेज में ही पर्याप्त ब्याख्याता उपलब्ध हैं और तो और यहां एक भी नन टीचिंग स्टाफ जैसे क्लर्क तक उपलब्ध नही है परिणामस्वरूप शिक्षकों को ही यहां बोनस में क्लर्क का कार्य निपटना पड़ता है। ऐसी बात नही है कि यहां क्लर्क नही था । यहां स्थायी क्लर्क था लेकिन जिला के शिक्षा विभाग के एक वरीय अधिकारी की कृपा दृष्टि से उनकी पदस्थापना यहाँ से हटाकर उनके घर रामपुरहाट पश्चिम बंगाल आने जाने में सुविधा हेतु प्रखंड के ही गनपुरा स्कूल में एक तथाकथित प्रभावशाली रिटायर्ड शिक्षक नेता के कहने पर उस उच्चाधिकारी द्वारा कर दिया गया है। जिसका खामियाजा पाकुडिया इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय को रोजाना भगतना पड़ रहा है । ठीक इसी तरह विज्ञान विषय की एक महिला ब्याख्याता भी उन्ही की सुविधानुसार पाकुडिया प्लस टू विद्यालय से हटाकर उनकी प्रतिनियुक्ति पाकुड मुख्यालय में उनके ऑन डिमांड कर। दिया गया है। शिक्षा विभाग की संबंधित जिला अधिकारी के द्वारा लगतार बरती जा रही इन घोर अनियमितताओं शिकायत शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होने आये राजमहल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा से भी लोगों ने कर उन्हें तत्काल उसपर संज्ञान लेकर उचित कदम उठाने की मांग दर्जनो लोगों ने की ताकि यहां शैक्षणिक ब्यवस्था पटरी पर बनी रहे। इसपर एमपी श्री हांसदा ने अविलम्ब उपायुक्त को मिलकर इसपर सटीक कार्यवाई का भी अश्वाशन दिया। सांसद श्री हांसदा ने बताया कि कई माध्यमों से मुझे भी कईएक बार इस संबंधित अधिकारी की बार बार शिकायतें सुनने को मिल रही है । बहरहाल वर्तमान में इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय पाकुडिया शिक्षकों एवं ब्याख्याताओं की घोर कमी झेल रहा है जिसे शैक्षणिक हित मे दूर करने की आवशयकता है क्योंकि बच्चियां पढेंगी तभी तो आगे बढ़ेंगी ।

- **कई शिक्षकों को कर दी दुसरे विद्यालय में प्रतिनियुक्त**

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पाकुड़िया प्लस टू विद्यालय में कार्यरत कई शिक्षकों को पाकुड़ जिला मुख्यालय में प्रतिनियुक्त कर दी गई है। जिसके वजह से छात्रों को पठन पाठन में काफी परेशानी झेलनी पड़ती है।

संक्षिप्त समाचार

विभिन्न मामले का ऑन द स्पॉट समाधान

सारवां। सारवां प्रखंड क्षेत्र के कुशमाहा एवं रक्ती पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर कुशमाह पंचायत में वीडियो जहूर आलम कांग्रेस के नेता हरिशंकर पत्र लेख पंचायत प्रधान खुशबू देवी ने संयुक्त रुप से दीपा जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही रक्ति पंचायत में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के अनुज विक्रम पत्रलेख, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विजय कुमार देव, पंचायत प्रधान जयप्रकाश राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कई मामले का समाधान ऑन द स्पॉट किया गया। शिविर में कंबल वितरण, धोती साड़ी वितरण सहित अन्य परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लोगों की समस्याओं को रजिस्टर किया गया। कार्यक्रम में जेएसएस बिनोद दास, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विपिन सिंह, बिजली विभाग के एसडीओ रोशन कुमार, जेईई पी तिवारी, एटीएम ऋषि कांत, श्याम सुंदर यादव ,अनिल राउत,सुरेश यादव, शाहि त संबंधित पंचायत के कृषक मित्र, सहिया सहित अन्य शामिल थे।

प्रधान लिपिक वीरेंद्र कुमार सिंह को अवकाश ग्रहण पर दी गई भावभीनी विदाई

मधुपुर। अनुमण्डल के करों प्रखण्ड अन्तर्गत प्रखण्ड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के प्रधानलिपिक पद से बिरेन्द्र कुमार सिंह अवकाश ग्रहण को लेकर एक विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभिनीं विदाई दी गई। इस अवसर पर रानीमंदाकिनी विद्यालय प्लस टू के शिक्षक सुनील लक्षिरामका ने कहा कि बिरेन्द्र बाबु की कार्यशैली, कुशल व्यवहार और अपनापन सदैव याद रहेगा । उन्होंने अपने सेवाकाल में तत्परता , लगन और निष्ठा का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है वह अनुकरणीय है ! इसके पूर्व सभी शिक्षकों व छात्राओं साल ओढ़ाकर बिरेन्द्र कुमार को सम्मानित करते हूये अनेक उपहार प्रदान किया। मौके पर शिक्षक विवेक कुमार , उदयशंकर पाठक, यदुनन्द स्वरुप मेहरा और कृष्णकुमार पंडित आदि के अलावे छात्राएँ उपस्थि थे !

सहायक वाणिज्य प्रबंधक पहुंचे मधुपुर

- **किया पार्सल कार्यालय,और बुकिंग कार्यालय का निरीक्षण**

मधुपुर। पुराने रेलवे कार्ड टिकट जलाने को लेकर मंगलवार को सहायक वाणिज्य प्रबंधक आसनसोल बृजकिशोर शर्मा मधुपुर पहुंचे। इस दौरान श्री शर्मा ने टिकट चेकिंग कर रहे हैं रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी से चेकिंग से संबंधित बातचीत की। श्री शर्मा ने पार्सल कार्यालय, बुकिंग कार्यालय समेत वाणिज्य विभाग से संबंधित अन्य कार्यालय का जायजा लिया। मौके पर सी आईटीजी अशोक कुमार बा-री, वाणिज्य निरीक्षक विजय कुमार सिंह, वाणिज्य प्रवेक्षक डी महतो, सीआईटी टी.के नियाजी, मोहम्मद नसीम, पार्सल पर्यवेक्षक दिवाकर गुप्ता इत्यादि उपस्थित थे !

मधुपुर की पुलिस ने थाना गेट के समीप चलाया मोटरसाइकिल चेकिंग अभियान

मधुपुर। देवघर पुलिस कप्तान के निर्देश पर मधुपुर पुलिस ने थाना गेट के समीप मंगलवार को एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के तहत जांच अभियान चलाया। एएसआई संजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में चले इस जांच अभियान में कई वाहनों की जांच की गई पुलिस ने आने जाने वाले सभी वाहनों की जांच की और कई वाहन को कागजात के अभाव में जप्त भी किया। इस दौरान पुलिस ने हेलमेट,लाइसेंस तीन सवारी डिक्की व वाहन चला रहे लोगों की तलाशी भी ली।मौके पर एएसआई संजय कुमार शर्मा ने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया ताकि अपराध पर नियंत्रण रखा जा सके उन्होंने बताया कि जांच के दौरान अवैध हथियार, विस्फोटक सामान, नशीले पदार्थ की विशेष रूप से जांच की गई मौके पर पुलिस के जवान मौजूद थे !

पर्यवेक्षिका निवेदिता नटराजन ने छूटे हुए सेविकाओं के साथ किया मासिक समीक्षा बैठक

मधुपुर। प्रखंड कार्यालय स्थित बाल विकास परियोजना सभागार भवन में पर्यवेक्षिका निवेदिता नटराजन ने छूटे हुए आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ मासिक समीक्षा बैठक किया। इस मौके पर पर्यवेक्षिका श्रीमती नटराजन ने सभी उपस्थित सेविकाओं से कोविड-19 वैक्सीनेशन का चल रहे कार्यों की रिपोर्ट लिए। मौके पर श्रीमती नटराजन ने उपस्थित सेविकाओं से कहीं के बाकी जो छूटे हुए या जो व्यक्ति वेक्सीन लेने से वंचित रह गए हैं उसका लिस्ट तैयार कर उन्हें कोविड-19 का वैक्सीन दिलाना सुनिश्चित करें। साथ में सेविकाओं को सुकन्या योजना और कन्यादान योजना मैं दिए हुए टारगेट का लक्ष्य पूरा करने को कहा गया। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लाभुकों का चयन कर पहुंचाने की बात कही। वहीं आंगनबाड़ी सेविकाओं ने मासिक रिपोर्ट एमपीआर अपने-अपने केंद्र का जमा किए! मौके पर दर्जनों संख्या में सेविका उपस्थि रहे !

किसान मंच गिरिडीह द्वारा प्राप्त ज्ञापन को विधायक ने गंभीरता से लिया

गिरिडीह

एक सप्ताह पहले किसान सभा के बैनर तले आया किसान विधायक के द्वार कार्यक्रम के तहत माले के गिरिडीह विधानसभा सभा प्रभारी और ऐपवा नेत्री के समक्ष सैकड़ो की संख्या में जो ज्ञापन दिया था उसको बगोदर विधायक ने गंभीरता से संज्ञान में लिया है। विधायक विनोद सिंह ने कहा कि हमेशा ऐसे मुद्दो को उठाता रहा है,इसलिए किसान मंच ने गिरिडीह माले राजेश सिन्हा व प्रीति भाष्कर के समक्ष ज्ञापन दिया है।इस ज्ञापन को हम आगे बढाएंगे। श्री सिंह ने कहा कि ज्ञापन में कहा है कि जिले के अधिकांश किसानों की जमीन ऑनलाइन इन्ट्री नहीं हुई है जिस वजह से किसानों के जमीन का रसीद भी निर्गत नहीं हो रहा है, परिणाम स्वरूप रसीद के अभाव में अधिकांश किसान को कोई सरकारी सुवीधा नहीं मिल पा रही है, वही किसान को भय है कि कोई भु माफिया जमीन छीन न लें किसान जब अपने जमीन का ऑनलाइन इन्ट्री कराने के लिए जाते है तो किसान से रजिस्टर टू और खतियान का नकल मंगा जाता है, अब अभिलेखागार में महीनों चक्कर लगाना पड़ता है,ऐसे कई मुद्दे को चिन्हित किया गया था, उसपर संबंधित अधिकारी को पहल की जरूरत है माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी ने कहा की माले से सभी को उमीद रहता है सरकार को चाहिए जिन बातों को बोलकर सरकार आई थी उसपर पहल की जाए गैर मजरुआ जमीन का वादा भी जस के तस है, सरकार की मनसा क्या क्या झारभूमी साइट को भी बंद किया गया है आम लोग परेशान है,हरेक जिले में हजारों लोग बेरोजगार हो गए है। ज्ञापन देने आए सैकड़ो लोग की अगुवाई कर रहे थे जिला संरक्षक, अध्यक्ष किसान मंच, उपाध्यक्ष ज्योति सोरेन, उपाध्यक्ष जोगेश्वर ठाकुर जिला कार्यकारी अध्यक्ष आदि सैकड़ो किसान उपस्थित थे। भी निर्गत नहीं हो रहा है, परिणाम स्वरूप रसीद के अभाव में अधिकांश किसान को कोई सरकारी सुवीधा नहीं मिल पा रही है,वही किसान को भय है कि कोई भु माफिया जमीन छीन न लें किसान जब अपने जमीन का ऑनलाइन इन्ट्री कराने के लिए जाते है तो किसान से रजिस्टर टू और खतियान का नकल मंगा जाता है, अब अभिलेखागार में महीनों चक्कर लगाना पड़ता है,ऐसे कई मुद्दे को चिन्हित किया गया था,उसपर संबंधित अधिकारी को पहल की जरूरत है माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी ने कहा की माले से सभी को उमीद रहता है सरकार को चाहिए जिन बातों को बोलकर सरकार आई थी उसपर पहल की जाए गैर मजरुआ जमीन का वादा भी जस के तस है, सरकार की मनसा क्या क्या झारभूमी साइट को भी बंद किया गया है आम लोग परेशान है,हरेक जिले में हजारों लोग बेरोजगार हो गए है। ज्ञापन देने आए सैकड़ो लोग की अगुवाई कर रहे थे जिला संरक्षक, अध्यक्ष किसान मंच, उपाध्यक्ष ज्योति सोरेन, उपाध्यक्ष जोगेश्वर ठाकुर जिला कार्यकारी अध्यक्ष आदि सैकड़ो किसान उपस्थित थे।

विधायक ने लाभुकों के बीच किया सरकारी परिसंपत्तियों का वितरण

बेंगाबाद/गिरिडीह :

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम बेंगाबाद के तेलोनारी पंचायत सचिवालय में आयोजित किया जिसमें पहुँचे गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद वहाँ उपस्थित महिलाओं ने बुकें देकर स्वागत किया वहीं विधायक ने लोगों के बीच सरकार के द्वारा चलाये जा रहे महत्वाकांक्षी, जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार में बताया और सरकारी परिसंपत्तियों का वितरण किया जिसमें मुख्य रूप से ट्राय साइकल, पीएम आवास के स्वीकृति पत्र,ग्रीन कार्ड,धोती साड़ी, मुँह जुठी, पेंशन संबंधी, जेएसएलपीएस के दीदियों को एक करोड़ अठ्ठाइस लाख रुपये का चेक,मुर्गी के चूजे का लाभुकों के बीच वितरण किया। इधर योजना का लाभ पाने पर लाभुकों ने विधायक को धन्यवाद दिया। इस मौके पर पर मुख्य रूप से एडिसनल कलेक्टर विल्सन वेंगरा, बीडीओ मो क्यूम अंसारी, सीओ कृष्ण कुमार मरांडी, मुखिया सुरेंद्र वर्मा,युवा नेता हसनैन आलम, शाहनवाज अंसारी समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक की गई

पाकुड़

जिला परिषद की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति जिला चाइल्डलाइन एडवाइजरी बोर्ड पाकुड़ के त्रैमासिक बैठक का आयोजन उप विकास आयुक्त पाकुड़ के सभाकक्ष में किया गया। बैठक में पूर्व में आयोजित की किए गए त्रैमासिक बैठक के प्रस्तावों पर आवश्यक रूप से समीक्षा करते हुए आज के बैठक में प्रस्तावों पर चर्चा किया गया। इसके उपरांत सभी प्रस्तावों के आलोक में उनके अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान चाइल्ड लाइन सर्विस से जुड़े कार्यकर्ताओं को उनके कार्य क्षेत्र में हो रही गतिविधियों की समुचित जानकारी मासिक स्तर पर जिला बाल संरक्षण इकाई को समर्पित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति के पुनर्गठन एवं इसकी मासिक बैठक आयोजित करने एवं प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति के पुनर्गठन करने एवं त्रैमासिक बैठक आयोजन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान बरामद किए गए किशोरियों का कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नामांकन कराने, जरूरतमंद बच्चों को से संथागत एवं गैर संथागत देखभाल की सुविधा उपलब्ध कराने, बालिका आश्रय गृह, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आश्रय गृह, बाल संरक्षण मुद्दे पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं अन्य सरकारी विद्यालयों में जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजन करने एवं अन्य गतिविधियों के आयोजन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, नगर परिषद अध्यक्ष संपा साहा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई के सभी कर्मी, सीडीपीओ पाकुड़, सभी प्रखंड के चाइल्डलाइन कर्मी नोडल एजेंसी के कर्मी एक्शन एड के कर्मी तेजस्विनी परियोजना के कर्मी एवं अन्य शामिल थे।

महिला के साथ दुष्कर्म मामले में पुलिस ने 5 को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पाकुड़

जिले के महेशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रोलाग्राम से घाटचोरा जाने के दौरान एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने की सनसनीखेज मामले में पुलिस ने 5 अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मंगलवार को सामूहिक दुष्कर्म के लंबित कांड संख्या 217/2021 के अभियुक्त को महेशपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थानेदार सुनिल कुमार रवि, सतिश कुमार ने रोलाग्राम में छापेमारी कर 5 अप्राथमिक अभियुक्त को रोलाग्राम से गिरफ्तार कर महेशपुर थाना ले आई फिर मेडिकल जांच कराकर पाकु-ड़ जेल भेज दिया। गौरतलव हो कि इस मामले में महिला ने एक नामजद समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ़ एफआईआर दर्ज करवाई थी। थानेदार सुनिल कुमार रवि ने मंगलवार को कहा कि गिरफ्तार सभी 5 अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

भावभीनी विदाई दी गयी

पाकुड़। पाकुड़ राज +2 विद्यालय के व्याख्याता भोगेन्द्र झा को भावभीनी विदाई दी गयी एवं एवं सेवानिर्वित व्याख्याता भोगेन्द्र सर ने विद्यालय में वृक्षारोपण कर शान्ति का संदेश विद्यालय को दिए। इस मौके पर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री विलास प्रसाद यादवेंदु के साथ सभी शिक्षक / शिक्षिका एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष कबीर कौसर एवं सचिव। नामिता त्रिवेदी उपस्थित रहे ।

मतदाता पुनरीक्षण को ले एसडीएम ने किया दौरा, कई बूथों का किया निरीक्षण

गावां/गिरिडीह। खोरीमहुआ एसडीएम धीरेंद्र कुमार सिंह ने मतदाता पुनरीक्षण को लेकर गावां प्रखंड के कई गांवों का दौरा किये। इस दौरान उन्होंने माल्डा, नगवां सहित अन्य गांवों में पैदल मार्च कर लोगों से मिले व योग्य मतदाताओं का नाम जुड़वाने का अपील किए। इसके साथ ही उन्होंने माल्डा व नगवां पंचायत में बनाए जा रहे बूथों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि एक नवम्बर से 30 नवम्बर तक मतदाता पुनरीक्षण का कार्यक्रम चलना तय है। गावां प्रखंड से प्रपत्र 06 बहुत कम मात्रा में जमा हो पाया है उसमे बढ़ोतरी लाने का प्रयास किया जा रहा है। कहा कि जिनकी आयु 18 वर्ष हो चुकी है वे अनिवार्य रूप से फार्म भरकर जमा करें जिससे उनका नाम मतदाता सूची में चढ़ाया जा सके।

किया जाएगा मोबाइल टीकाकरण

तिसरी/गिरिडीह :

आज केयर इंडिया के सहयोग से यूनिसेफ स्कूल और चेतना विकास द्वारा मोबाइल टीकाकरण घंघरीकुरा और थानसिंहडीह पंचायत में किया जाएगा।कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए स्कूल यूनिसेफ और चेतना विकास के प्र-खंड समन्वयक विलियम जैकब ने बताया कि केयर इंडिया के सहयोग से यह मोबाइल वैक्सीनेशन कैंप कार्यक्रम किया जा रहा है। उम्मीद ही नहीं पूरा विश्वास है कि लोगों का भरपूर सहयोग मिलेगा। टीकाकरण की सूचना पंचायत के प्रधानों को दे दी गई है और दूरभाष में भी उन्हें सूचित कर दिया गया है।

थानसिंहडीह के प्रधान बालेश्वर राय ने दूरभाष में आश्वासन दिया है कि वह भरपूर सहयोग करेंगे और जहां तक हो सकेगा सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को टीकाकरण दिलवाने का कार्य करेंगे।

इधर बरवाडी पंचायत की प्रधान सुमा देवी ने कहां है कि उनका भी सहयोग भरपूर रहेगा। कार्यक्रम का मार्गदर्शन प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी डॉ रंजीत कुमार तथा बीडीओ संतोष प्रजापति के द्वारा किया जाएगा। तथा सहयोग बी ए एम रितेश कुमार और प्रवीण कुमार के साथ साथ पंचायत समन्वयक मुकेश, रोहित भारती और सुरेंद्र मिस्त्री करेंगे।

संक्षिप्त समाचार

दोआब संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र झा 'उन्मुक्त' ने डीसी से किया सभी तीखे मोड़ से झाड़ियों को हटाने की मांग

देवीपुर। देवघर देवीपुर भीरखीबाद रोड किनारे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान देवीपुर स्थित है। जहां प्रतिदिन देवघर, दुमका, जामताड़ा, गोड्डा, साहेबगंज, जामताड़ा, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, आसनसोल, रानीगंज, बांकुड़ा,चकाई, जमुई,चांदन, कटोरिया, बांका से सैंकड़ों की संख्या में मरीज एम्स में इलाज कराने के लिए आते हैं।

एम्स में झारखंड, बिहार के अतिविशिष्ट व्यक्तियों समेत बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली आने जाने वाले वाहनों का तांता लगा रहता है। सड़क के किनारे अजय पतरो नदियों पर बने पुल नावाडीह,तिलजोरी, रामसागर, देवीपुर,कोल्हड़िया मोड़,तिलौना मोड़,बुढई गर्दनिया मोड़ सभी तीखे खतरनाक मोड़ पर बरसात में झाड़ियां,झुरमुट,बरसाती पेड़ पौधे उग आए हैं। जिस कारण तीखे मोड़ पर झाड़ियों के कारण एक दूसरे को नहीं देख पाते हैं। फलस्वरूप बराबर जानलेवा दुर्घटनायें होती रहती है। थाना प्रभारी अजय सिंह ने कहा कि देवीपुर थाना क्षेत्र में झाड़ियों के कारण बराबर दुर्घटनायें होती रहती है। दोआब क्षेत्रीय विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र झा उन्मुक्त ने देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को पत्र लिखकर सभी तीखे मोड़ से झाड़ियों को हटाने, नावाडीह रेलवे फाटक के निकट मोड़ एवं तिजोरी मोड़ पर उभर आये गड्ढों को पर निर्माण विभाग से जनहित में भरवाने की मांग की है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडे को पुष्प गुच्छ देकर किया स्वागत

मधुपुर। दिन मंगलवार को देवघर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय का अनुमंडल अधिवक्ता संघ, मधुपुर द्वारा बार भवन में अधिवक्ताओं ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी रवि नारायण, न्यायिक दंडाधिकारी अरूण कुमार दूबे, सुशीला हाँसदा, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, संघ के सभी पदाधिकारी, सहित अधिवक्तागण उपस्थित थे। संघ की ओर से पीडीजे को एक स्मार पत्र सौपा गया जिसमें कहा गया कि मधुपुर अनुमंडल की स्थापना हुए करीब तीस वर्ष बीत चुके है, परंतु अभी तक मधुपुर में सब-जज कोर्ट व एडीजे कोर्ट यहाँ स्थापित नहीं किया गया,जिससे मुवक्किलों के साथ-साथ हम अधिवक्ताओं को भी एक ही विषय से जुड़े मुकदमे में मधुपुर और देवघर व्यवहार न्यायालय में पैरवी करनी पड़ती है, इस कारण हमें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। व्यवहार न्यायालय मे 13 इजलास व इनके कार्यालय भवन के साथ न्यायालय के न्यायाधीश व कर्मचारी का आवास भी बना हुआ है, जिसमें अधिकांश भवन व आवास खाली पड़ा है। विगत वर्षो से साइबर क्राइम का अपराध, बिजली चोरी, व फॉरेस्ट से संबंधित मुकदमा मधुपुर व्यवहार न्यायालय से वापस लेकर इसे जिला व्यवहार न्यायालय देवघर से चलाये जा रहे है, जिस कारण भी हम अधिवक्ताओं सहित मुवक्किलों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस संदर्भ में पीडीजे ने कहा कि हम आपके परेशानियों को अच्छी तरह समझ रहे है, हमारे स्तर से जो भी हो सकेगा हम करने के लिए तैयार है, साथ ही आपकी वैसी बातों को हम पुरजोर तरीके से हाई कोर्ट के समक्ष रखेंगे। मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष मुरारी प्रसाद सिंह महासचिव श्यामसुंदर भैया जितेंद्र कुमार सभी अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

प्रधानाध्यापक नरेंद्र मंडल का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजित

मधुपुर। मधुपुर शहर के नगर पालिका मध्य विद्यालय मधुपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक नरेंद्र कुमार मंडल का विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मो.सुल्तान अहमद और मंच संचालन शाहिद अलीमी ने किया।मौके पर अध्यक्ष मोहम्मद सुल्तान अहमद ने कहा की श्री नरेंद्र जी का कार्य शैली कुशल व्यवहार और अपनापन सदैव याद रहेगा। उन्होंने अपने सेवाकाल में तत्परता लगन और निष्ठा का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है वह अनुकरणीय है इसके पूर्व सभी शिक्षक और छात्राओं ने शॉल ओढ़ाकर प्रभारी प्रधानाध्यापक नरेंद्र मंडल जी को सम्मानित करते हुए अनेक उपहार प्रदान किया। वहीं विद्यालय के सभी शिक्षक और छात्र छात्रा उपस्थिति रहे। बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर बिन्देश्वरी चौधरी, प्रदीप राय, काली प्र.झा, राजेन्द्र जी, शिला सिन्हा, अनिता जयसवाल आदि मौजूद थे।विद्यालय परिवार द्वारा अंगवस्त्र एवं उपहार प्रदान किया गया।

1 दिसंबर: विश्व एड्स दिवस

एड्स नियंत्रण में मनोपरामर्श की सार्थकता

डॉ विनोद कुमार शर्मा
असिस्टेंट प्रोफेसर
सचिव
विश्वविद्यालय तनाव प्रबंधन प्रकोष्ठ
स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग,
सिकामु विवि, दुमका।

झारखण्ड देखो डेस्क :

एड्स अर्थात अक्वायर्ड इम्म्यून डेफिशियेंसी सिंड्रोम एक ऐसा लैंगिकजनित जानलेवा बीमारी है जो छूने मात्र से नही बल्कि संक्रमित व्यक्ति से शारीरिक या अप्राकृतिक यौन संबंध स्थापित करने के फलस्वरूप, वीर्य, रक्त आदि के सम्पर्क होने से उत्पन्न होता है। यानि कोविड-19 की तंरह (बाहर जाकर) ही लोग इसे अर्जित करते है। 2017 एक रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व में तीसरा बड़ा देश माना जाता रहा जहाँ 2.1 मिलियन लोग एच आई वी से ग्रसित पाए गए थे। भारत सरकार के 2019 के एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत में एच आई वी / एड्स के रोगियों की संख्या करीब 23.49 लाख है जो वर्ष 2010 से 2019 के बीच 37% के कमी को दर्शाता है जो नाको के सफल प्रयासों को दर्शाता है।नाको के हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारत मे अब भी 38 मिलियन लोग इससे सफर कर रहे है। भारत मे एड्स का प्रथम केस चेन्नई, तमिलनाडु में 1986 में सेक्स वर्कर्स में मिला।

एड्स लैंगिक विचलनशीलता का एक उदाहरण है जिससे दुष्प्रभाव से न केवल एक साथ कई रोग लक्षणों (सिंड्रोम अर्थात संलक्षण) को जन्म देते है बल्कि अवसरवादी रोग संक्रमण को भी संग-संग दावत दे देते है जो संक्रमित व्यक्ति को मौत के करीब ले जाता है। इसके रोकथाम के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जहां अनेकों कार्यक्रम किये वही भारत में नाको (नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन) ने भी समझदारी ही बचाव का आधार मानकर इस बात को बतलाने का प्रयास किया कि अगर दवा या एन्टी रेट्रोवायरल थेरेपी फायदेमंद चिकित्सीय उपाय है तो इसे पूरी तरह नियंत्रण में लाने के लिए लोगों की सेक्सुअल मनोवृत्ति को बदलना भी जरूरी है जिसकी सफलता का केंद्र मनोवैज्ञानिक परामर्श है। मनोवैज्ञानिक परामर्श की देन या इसकी सार्थकता कहे कि आज देश मे एड्स रोग पूरी तरह नियंत्रण में है।

● एड्स क्या है?

» यह एक विषाणुजनित लैंगिक बीमारी है जो विचलित या अप्राकृतिक तरीके से यौन संबंध (खासकर संक्रमित से) बनाने से लेकर फैलने के अन्य माध्यमों से उत्पन्न होता है। इससे प्रभावित व्यक्ति को एच आई वी यानी 'मन इम्म्यून डेफिशिएंसी वायरस ग्रसित रोगी कहा जाता है जो CD4 अर्थात T सेल्स के 200 से नीचे हो जाने से एड्स का रोगी होने का खतरा बन जाता है।

कैसे फैलता है?

● यह मुख्यतः चार तरीके से फैलता है:

» संक्रमित व्यक्ति से शारिरीक संबंध बनाने से : इस तरह के वल्नरेबल ग्रुप मे ड्राइवर, माइग्रेंट , अल्कोहलिक, सेक्स वर्कर, निम्फोमानिक फीमेल, सटेरियासिस मेल , मेनिया के रोगी, आदि होते है।

» संक्रमित व्यक्ति का सुई इस्तेमाल होने से : ऐसा ड्रग एब्यूज के केसेस में देखने को मिलता है जिसमे बच्चे व युवा एक ही सुई से नशा शेयर करते है।

» संक्रमित गर्भवती मां से बच्चों में: हालांकि इसपर बहुत हद तक नियंत्रण पाया गया यानी बच्चे को एच आई वी मुक्त किया जा रहा है।

» संक्रमित व्यक्ति का रक्त चढ़ाने से : इस पर भी नियंत्रण पाया जा चुका है।

क्या है समाधान :

● दो मुख्यतः संभावित उपाय बतलाए जाते है:

» जागरूकता व सूचना के माध्यमों से प्रचार व प्रसार

» चिकित्सीय हस्तक्षेप द्वारा

प्रथमतः सरकार व गैर-सरकारी संगठन द्वारा जन-जन में न केवल मीडिया के विभिन्न माध्यमों जिसमें पूरे देश में रेड रिबन एक्सप्रेस भी शामिल है के द्वारा विभिन्न राज्यों के मुख्य शहरों के लोगों को द्वारा एड्स से बचाव की बाते की जानकारी दी गई, लोगों को अन्य जागरूक कार्यक्रमों , सभा, नुक्कड़ नाटक आदि के द्वारा भी सचेत कर मनोवृत्ति को परिवर्तित करने का प्रयास किया जाता है बल्कि संक्रमित होने पर क्या तत्काल कदम उठाया जाय इसका भी मार्गदर्शन किया जाता है जिससे संक्रमित व्यक्ति नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर इसका सीधा लाभ उठा सके जो जिले के सरकारी अस्पतालों में खासे उपलब्ध होता है।

● चिकित्सीय हस्तक्षेप

सामान्य तौर पर लक्षण आधारित ऐसे संक्रमित व्यक्ति को पैथोलॉजिकल टेस्ट किया जाता है। कई बार गलत पॉजिटिव रिपोर्ट आ जाता है तो कभी-कभी 6-8 हफ्ते के विंडो पीरियड होने से तत्काल वायरस को कन्फर्म नही किया जाता है । ऐसे दोनों हालात में घबराने की आवश्यकता नही है। व्यक्ति तुरंत एड्स का रोगी नही बन जाता है जिसके भ्रम व आत्मग्लानि से आहत लोग आत्महत्या कर लेते है। पहले रोगी एचआईवी इंफेक्शन से ग्रसित पाए जाने पर तथा ठीक से इलाज व केयर होने पर रोगी का रिपोर्ट नेगेटिव आ जाता है। ऐसे में रोगी पूर्व की भांति सामान्य जिंदगी को लौट आते है मनोवैज्ञानिक काउन्सलिंग के सहारे। यदि एड्स की शिकायत हो भी गया तो चिकित्सीय इलाज को जाते है जिसमें प्रमुख है।

● क्या है एआरटी (एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी)

इसमें एच आई वी इंफेक्शन अर्थात वायरल लोड कम करने की दवा होती है जिससे रोगी में रोग प्रतिरोधक क्षमता में मजबूती आती है और जिसे रोज समय से लेना होता है। यह लगभग शहर के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है। इसमें पौष्टिक आहार, साफ-सफाई व ईमानदारी व्यवहार करने से व्यक्ति एड्स से बच सकता है। जड़ से लक्षण तो समाप्त नही होता है। हा, मधुमेह के रोगी की तरह नियंत्रण में रख सावधानी व समझदारी के साथ जीवन जिया जा सकता है।



● अवसरवादी संक्रमण (ओ आई)

» मलेरिया, क्षयरोग दो ऐसे रोग है जो एड्स ग्रसित रोगियों को जिसका इम्म्यून अर्थात रोग प्रतिरोधक क्षमता अत्यधिक कमजोर हो जाता है पर बुरा प्रभाव डालता है।

● साइकोलॉजिकल काउन्सलिंग

वर्त्तमान में एड्स नियंत्रण में सबसे कारगर कदम है। फलने के सभी तरीकों पर तो नियंत्रण होता मगर लोगों के सोच पर मुश्किल। इसलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने काउन्सलिंग को बेहतर बनाने के लिए काउन्सलिंग पर विशेष जोर दिया जहाँ काउन्सलिंग सुपरविजन को इंट्रोड्यूस किया। अपने 'सक्षम प्रोजेक्ट' के तहत इसको प्राथमिकता दिया। नाको ने भी अपने राष्ट्रीय प्रोग्राम में इसको आगे रखा जिससे लोगों को गलत मंशा व मनोवृत्ति को अनुकूल बनाया जा सके। इस रोग में शुरू से लेकर अंत तक का संबंध परामर्शदाता से रहता है जिसमें एकल, कपल, फैमिली, प्री एंड पोस्ट टेस्ट काउन्सलिंग, एग्जिट, फॉलोअप आदि काउन्सलिंग रोगी के मनोवृत्ति को चिकित्सा के प्रति अनुकूल व परिवार के प्रति वफादार बनाये रखने को दिया जाता है। साथ ही परिवार नियोजन की उपयोगिता पर भी बल दिया जाता है। गर्भवती महिलाओं को भी एच आई वी इंफेक्शन होने पर ए आर टी लेने की सलाह दी जाती है जिससे बच्चे स्वास्थ्य रहे।

क्या है इसका लक्षण

● इसका फ्लू जैसा लक्षण भी दिखता है। इन लक्षणों में हैः

» बार–बार शारिरिक थकावट की शिकायत व अचानक वजन में गिरावट दिखना,

» शरीर से अधिक पसीना निकलना,

» तेज बुखार रहना,

» लगातार खांसी होना,

» खुजली व जलन,

» गले व जांघों में गांठे होना व लाल चकते दिखना,

» सर दर्द व मुँह में छाले होना,

» निमोनिया , टी बी, मलेरिया जैसे अवसरवादी संक्रमित रोग लक्षणों का दिखना, आदि–आदि।

● क्या है ये आई सी टी सी

» आई सी टी सी अर्थात इंटीग्रेटेड काउन्सलिंग एंड ट्रीटमेंट सेन्टर, यह पहला पड़ाव है जहाँ मनोवैज्ञानिक परामर्श के द्वारा संक्रमित व्यक्ति को न केवल संवेगात्मक विक्षोव को संतुलित कर प्री टेस्ट कॉउंसलिंग दिया जाता है बल्कि पोस्ट टेस्ट काउन्सलिंग के लिए अर्थात एड्स के तैयार किया जाता है व जांचोपरांत कैसे जीवनयापन करना, क्या पौष्टिक आहार लेना है व जीवनसाथी के साथ कैसा संबंध व व्यवहार करना है इत्यादि बातों पर केंद्रित कर सामान्य व तनावमुक्त जीवन जीने का परामर्श दिया जाता है व समय–समय पर फॉलोअप कॉउंसलिंग के लिये बुलाया जाता है। साथ ही विंडो पीरियड , लक्षण, प्रभाव आदि बातों को भी विस्तार से बताते हुए रोगी के मनोबल को मजबूत किया जाता है।

मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की मौत

देवीपुर। राजेंद्र झा 'उन्मुक्त'

थाना क्षेत्र अन्तर्गत मंगलवार को शाम करीब साढ़े सात बजे के समय में तिलजोरी मोड़ के पास दो मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर में एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई है। जसीडीह थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी गोविंदा देव उम्र 27 वर्ष पिता रूद्रनारायण देव अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर नावाडीह एवं रोहिणी दो व्यक्ति के साथ देवीपुर एम्स की ओर से अपना घर नावाडीह जा रहे थे।।इसी बीच तिलजोरी गांव के निकट महादेव सिंह मिठाई दुकान के पास जैसे ही पहुंचे कि विपरित दिशा देवघर की ओर से एक बुलेट मोटरसाइकिल चालक ने गोविंद के मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दिया। फलस्वरूप मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और सामने पत्थर सिमेंट से बने गार्डवाल में जा टकराया और घटना स्थल पर ही मौत हो गई।पीछे दोनों सवार गिरकर उठे और भाग खड़े हुए।इधर बुलेट मोटरसाइकिल चालक मौके से फरार हो गए।घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सत्संग भीरखीबाद रोड तिलजोरी से नावाडीह गांव में जाम लगा दिया। देखते ही देखते हजारों वाहनों की कतार सड़क के दोनों ओर लग गई।घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अजय सिंह,एसआई धिरेन्द्र कुमार यादव, गौतम कुमार वर्मा, मनोज कुमार मुर्मू , एएसआई पंचम शर्मा, भरथ सिंह, तिलेश्वर यादव,अकिल अहमद, संजय रजक सशस्त्र बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने बुझाने की कोशिश करने लगे। लेकिन जाम कर रहे लोग मानने को तैयार नहीं थे।घटना लिखने तक शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने की तैयारी चल रही थी।

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सत्संग भीरखीबाद रोड जाम

आपके अधिकार आपके सरकार आपके द्वार का कार्यक्रम आयोजन

● बीडीओ ने स्वयं फरियादियों की सुनी समस्या आन द स्पाट किया समाधान

● ग्रामीणों का उमड़ा सैलाब, हरकट्टा एवं झारखंडी पंचायत परिसर में लगा शिविर

मोहनपुर।

प्रखंड क्षेत्र के हरकट्टा और झारखंडी पंचायत भवन परिसर में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को शिविर आयोजित किया गया । शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ विवेक किशोर, अंचलाधिकारी ,मुखिया , रोजगार सेवक, पंचायत सचिव ,सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा किया गया । इस दौरान वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन का लाभ, आधार कार्ड सुधार ,राशन कार्ड का लाभ , श्रम निबंधन का लाभ, स्वास्थ्य जांच, टीका का लाभ, जमीन से संबंधित ऑनलाइन , त्रुटियों का निराकरण ,जमीन मापी का मामला ,मनरेगा के तहत जॉब कार्ड का मामला ,जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ,किसान क्रेडिट का लाभ जैसे सभी सरकारी योजना सहित आपकी पंचायत में विशेष समस्या जिसे आप ढूंढ रहे हैं। उन सभी समस्याओं का निराकरण इस विशेष शिविर के माध्यम से किया जा रहा है । जिन्होंने टीका नहीं लिया। उन्हें कैंप के माध्यम से टिका दिया जा रहा है। बीडीओ ने स्वयं फरियादियों की समस्या सुनी और समस्या का आश्वासन भी दिया । वहीं विभाग समेत कई विभाग के स्टाल लगाए गए थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि शिविर में सैकड़ों लोग ने आवेदन दिया जिसमें कुछ मामले ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया ।इस मामले को जल्द ही निष्पादन किया जाएगा । शिविर में लाभुकों के बीच सभी कृति पत्र का भी वितरण भी किया गया ।

जानकारी हो कि झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने की उपलब्धि लक्ष में जिले भर में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है ।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि जन कल्याणकारी योजनाओं गांव-गांव तक पहुंचाने का लक्ष्य है ।उन्होंने आम जनों से कहा कि लोग इस महत्वाकांक्षी योजनाओं को भरपूर लाभ उठाएं। इस मौके पर कोविड-19 संक्रमण के बचाव को लेकर लोगों को पंचायत स्तरीय संक्रमण काल में सराहनीय कार्य एवं योगदान के लिए सम्मानित व्यक्तियों उपमुखिया, सभी वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, पारा शिक्षक, ग्राम प्रधान , स्वयंसेवक, कृषि मित्र सहित को किया गया।

● इन पंचायतों में 3 दिसंबर को शिविर का होगा आयोजन

» कटवन एवं दहीजोर पंचायत भवन परिसर में आपके अधिकार आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर लगाया जाएगा।

सुझाव

घरेलू उपायों से करें पेट के कीड़े साफ

गलत खान-पान की वजह से पेट में कीड़े की समस्या हो जाती है। यह समस्या ज्यादातर बच्चों में देखी जाती है लेकिन कई बड़े लोगों के पेट की आंतों में भी कीड़े हो सकते हैं। इस वजह से रोगी को बेचैनी, पेट में गैस, बदहजमी और बुखार जैसी कई प्रकार की परेशानियां हो सकती हैं। ऐसे में रोगी को कुछ खाने-पीने का मन नहीं करता और चक्कर आने लगते हैं। गंदी और अशुद्ध हाथों से बनी चीजें खाने से यह समस्या हो सकती है। इसके लिए लोग डॉक्टरों के पास जाकर इलाज करवाते हैं लेकिन कुछ घरेलू उपचार करके भी इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

काला नमक

काला नमक और अजवायन का इकठ्ठा सेवन करने से भी फायदा होता है। इसके लिए चुटकी भर काले नमक में आधा ग्राम अजवायन का चूर्ण मिलाएं और रोजाना रात के खाने के बाद इसका सेवन

अजवायन

पेट की किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अजवायन काफी फायदेमंद रहती है। ऐसे में पेट के कीड़ों को मारने के लिए भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आधा ग्राम अजवायन में समान मात्रा में गुड़ लेकर दोनों को पीस लें और चूर्ण बना लें। दिन में 3 बार इस चूर्ण का सेवन करने से कीड़े पूरी तरह खत्म हो जाते हैं।

अनार के छिलके अनार के छिलकों को सूखाकर इसका चूर्ण बना लें और दिन में 3 बार 1-1 चम्मच लें। कुछ दिन तक लगातार इसका सेवन करने से फायदा होता है।

नीम के पत्ते नीम के पत्तों में एंटीबॉयोटिक होता है जो पेट के कीड़ों को नष्ट करने में मदद करता है। इसके लिए नीम के पत्तों को पीसकर उसमें शहद मिलाकर रोज सुबह पीने से कीड़े नष्ट हो जाते हैं।

तुलसी पेट के कीड़ों को दूर करने के लिए तुलसी के पत्तों को पीस कर इसका रस निकाल लें। दिन में दो बार 1 चम्मच इस रस को पीने से पेट के कीड़े मर जाते हैं। इसके अलावा यह पेट की आंतों को भी अच्छे से साफ करने में मदद करता है।



लहसुन लहसुन को पीस कर उसकी चटनी बना लें और उसमें थोड़ा-सा सेंधा नमक मिलाकर सुबह-शाम खाने से पेट के कीड़े नष्ट हो जाते हैं।

फेस्टिव सीजन में अगर आप भी दिखना चाहती है फैशनेबल

आज की भारतीय महिलाएं वैश्विक फैशन से प्रेरित हैं और प्रयोग करने में बिल्कुल हिचकिचाती नहीं हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस त्योहार के सीजन में परंपरागत शैली के आभूषण को आधुनिक शैली के आभूषणों के साथ पहनना चलन में है। इशर्या (कन्फ्लयूएसं बाई स्वारोस्की) ब्रांड की गौरी और राधिका टंडन, आम्रपाली ज्वैर्ल्स की सीईओ **आकांक्षा अरोड़ा** और चार्म्सडे की सीईओ पारुल नागपाल ने कुछ इस सीजन चलन में रहने वाले आभूषणों के बारे में ये जानकारियां दी है...

अपनी व्यक्तिगत स्टाइल और सिग्नेचर लुक के अनुसार तैयार होना आजकल फैशन में है और पारंपरिक आभूषणों को आजकल चलन में बने हुए आभूषणों के साथ संयोजन कर पहनने से आपको सबसे अलग अपना स्टाइलिश लुक पाने में मदद मिलती है। इस त्योहार के सीजन में अलग अंदाज में नजर आने के लिए आप गले के लंबे हार के साथ एक कम लंबाई वाला हार और परंपरागत कड़े के साथ कफ्स या चौड़ा ब्रेसलेट पहन सकती हैं। आप ब्रेसलेट के साथ प्रयोग कर सकती हैं। आप स्नेक चेन ब्रेसलेट, बैंगल या लेदर ब्रेसलेट पहन सकती हैं। ये भारतीय और पश्चिमी परिधान दोनों के साथ जंचते हैं।

बैकलेस ब्लाउज पहनने से पहले इन बातों का रखें ख्याल

शादी हो या पार्टी या फिर चाहे कोई खास फंक्शन ज्यादातर महिलाये बैकलेस ब्लाउस ही पहनना पसंद करती है और ऐसे ब्लाउस में महिलाएं काफी खूबसूरत भी नजर आती है इसलिए बैक यानी पीठ भी खूबसूरत दिखना जरुरी है। क्योकि अगर पीठ खूबसूरत होगी तो आपकी सुंदरता और भी झलकेगी और आपका लुक भी सब से डिफरेंट दिखेगा। तो इसलिए पीठ को खूबसूरत रखने के लिए इन बातों पर जरूर ध्यान दे।

बैकलेस कपड़ों का लुक तभी निखरता है जब पीठ सुन्दर हो इसलिए हफ्ते में तीन दिन पीठ की स्क्रबिंग जरूर करे। इसके लिए आप त्वचा के अनुसार ही स्क्रब का चुनाव करे। स्क्रब करने से त्वचा के रोम छिद्र खुल जाते है और गंदगी साफ हो जाती है, साथ ही पीठ खूबसूरत होने के साथ-साथ दमकने लगती है। पीठ के लिए जितना स्क्रबिंग जरुरी है उतना ही मॉश्चयुराइजिंग करना भी जरुरी है, इससे त्वचा में नमी बनी रहती है।

अगर पीठ पर दाग या दाने हो तो इनसे छुटकारा पाने के लिए आप केमिकल पील का प्रयोग कर सकते है साथ ही माइक्रोडर्माब्रेशन जैसी विधियों का इस्तेमाल कर सकते है। ऐसा करने से पीठ की सुंदरता में निखार आने के साथ-साथ चमक भी आएगी और आप आसानी से बैकलेस ब्लाउस पहन सकते है।

एग व्हाइट की मदद से हमेशा के लिए गायब करें अपर लिप हेयर

अक्सर महिलाएं अपर लिप करवाने के लिए हेयर रिमूव या थ्रेड का सहारा लेती हैं, लेकिन इसकी बजाए आप घरेलू तरीकों से भी अपर लिप कर सकती हैं। एग व्हाइट की मदद से आप होठों के ऊपर के बालों को हमेशा के लिए गायब कर सकती हैं। इससे कोई नुकसान भी नहीं होता और आपको दर्द भी नहीं झेलना पड़ता। आइए जानते हैं कि किस तरह एग व्हाइट की मदद से आप अपर लिप के हेयर आराम से रिमूव कर सकती हैं।

ऐसे बनाएं पेस्ट

अपर हेयर रिमूव पेस्ट बनाने के लिए सबसे पहले आप एक अंडे के व्हाइट वाले हिस्से, एक चम्मच कॉर्न फ्लोर और एक चम्मच चीनी को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। स्टीकी होने जाने पर इसे 30 मिनट तक लिप्स पर लगाएं। अच्छी तरह सूखने पर इसे वैक्स की तरह उतार लें। इसे एक हफ्ते में दो बार इस्तेमाल करने पर ही आपकी ग्रोथ में कमी आने लग जाएगी।

अन्य फायदे

इस पैक को 10 मिनट चेहरे पर लगाकर रखने से स्किन सॉफ्ट होती है। इसके अलावा इसका इस्तेमाल आप चेहरे पर आ रहे बालों को उतारने के लिए भी सकती हैं।

अन्य प्राकृतिक उपाए

आप चना दाल का आटा, चीनी, दही, ग्रेम और हल्दी का मिश्रण से भी अपर हेयर लिप्स रिमूव कर सकती हैं।

काले कपड़ों की सफाई

काले रंग के कपड़े घर की हर अलमारी में पाए जाते हैं। इसे पहनना काफी लोग पसंद करते हैं, लेकिन यह बहुत ही जल्दी धुलने के बाद फेड भी हो जाते हैं। हमेशा काले रंग के कपड़ों को अलग से साफ करें। गहरे और हल्के रंग के कपड़ों को नहीं मिलाना चाहिए वरना उन पर एक दूसरे का रंग चढ़ जाएगा।कभी भी काले रंग के कपड़ों को 10-15 मिनट से ज्यादा पानी में नहीं भिगोए रखना चाहिए। इससे गहरे रंग के कपड़े जल्दी ही फेड होते हैं। हमेशा काले रंग के कपड़े को धोते वक्त उन्हें उल्टा कर लें। इससे वे बाहर की ओर फेड नहीं होंगे। कपड़े को दो या तीन बार पहनने के बाद ही धोएं। कपड़ों को सूख जाने के बाद उठा लेना चाहिए। ज्यादा देर धूप में कपड़ों का रंग फेड हो जाता है।

बाल पतले हैं तो कोई बात नहीं...

ज्यादातर महिलाएं पतले बाल होने के कारण बालों को खुला रखने में या किसी भी प्रकार का हेयर स्टाइल अपनाने में हिचकती हैं। ऐसे ही पलते व हल्के बालों को खूबसूरत लुक देने के लिए कुछ खास हेयर स्टाइल हैं जो व्यक्तित्व में चार चांद लगा सकते हैं।

घने स्ट्रेट फ्रिंज: यह हेयर स्टाइल बालों को हेवी लुक देता है। इस कट में सामने के बालों को इस प्रकार काटते हैं कि माथे पर सीधे फ्रिंज लटकते हैं जो भौंहों तक हो सकते हैं। यह कट कम उम्र की महिलाओं के लिए बिल्कुल परफेक्ट हो सकता है।

लेयर्स कट: पतले बालों पर बहुत ज्यादा प्रयोग करने की कोशिश न करें। अगर आप सॉफ्ट लेयर्स के साथ शोल्डर लेंथ तक कट करवाएंगी तो आपके बाल थोड़े घने दिखेंगे। आप सॉफ्ट वेव्स या पर्म भी करा सकती हैं। बालों को घना दिखाने के लिए हाईलाइट्स करा सकती हैं। सॉफ्ट टेक्सचर्ड बॉब भी आपके बालों पर अच्छा दिखेगा।

साइड बैंग्स: स्ट्रेट फ्रिंज जैसे ही कट को जब आप तिरछी मांग से सेट करती हैं तो यह साइड बैंग्स हो जाता है। इसमें बाल आंखों पर नहीं पड़ते इसलिए इसमें आराम भी अधिक महसूस होता है।

साइड पार्टिंग: अगर आपके आगे के बाल लंबे हैं तो यह हेयरस्टाइल आप पर अधिक अच्छी लगेगी। इसमें बाल तिरछी मांग से निकालकर माथे को ढंकते हुए पीछे ले जाते हैं। चाहें तो पीछे से इन्हें पिन करके चोटी कर लें, खुला छोड़ दें या फिर पफ का इस्तेमाल करें।

आड़े-तिरछे फ्रिंज: अगर सिर पर बाल बहुत ही हल्के हैं और माथा अधिक चौड़ा है तो आड़े-तिरछे फ्रिंज फबेंगे। इसमें फ्रिंज यानी लेयर्स को कुछ इस तरह काटते हैं कि बालों का कोई एक आकार न दिखे। यानी अलग-अलग आकार के ढेर सारे फ्लिप्स।

मेस्सी बॉब: बॉब कट तो हल्के बालों पर अच्छे लगते ही हैं लेकिन इन्हें शॉर्ट फ्रिंज के साथ बनाया जाए तो ये और भी अच्छे लगेंगे। साथ ही आपके बाल घने भी दिखेंगे।

मेस्सी ब्लंट कट: इसमें ढेर सारे छोटे फ्रिंज के साथ ब्लंट कट दिया जाता है। इसे कैरी करना जितना आसान है, आपके मैच्योर लुक को छिपाने में यह उतना ही कारगर है।

संकेतों से जानें कि शरीर में है कैल्शियम की कमी

शरीर के अलग-अलग हिस्सों के लिए कैल्शियम का अपना काम होता है। इसकी कमी से जोड़ों में दर्द जैसी कई समस्याएं हो जाती हैं। इसके अलावा कैल्शियम की कमी से और भी कई तरह के संकेत देखने को मिलते हैं। कैल्शियम की कमी से हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और अक्सर जोड़ों में दर्द होने लगता है। कुछ लोगों को तो इस पोषक तत्व की कमी के कारण रिकेट्स नाम की बीमारी भी हो जाती है।

रेसिपी

ओट्स टिक्की

सामग्री

200 ग्राम ओट्स, 200 ग्राम उबले मैश आलू, 80 ग्राम गाजर कद्दूकस, 1 टेबल स्पून हरी मिर्च, 1/2 टी स्पून अदरक, 2 टेबल स्पून धनिया, 1/2 टी स्पून हल्दी, 1 टी स्पून लाल मिर्च, 1/2 टी स्पून जीरा पाउडर, 1/2 टी स्पून सौंफ, 1 टी स्पून गर्म मसाला, 1 टी स्पून चाट मसाला, 1 टेबल स्पून नींबू का रस, 1 टी स्पून नमक, 2 टेबल स्पून मैदा, 70 मिलीलीटर पानी

विधि

एक पैन में ओट्स लें और इन्हें लाइट ब्राउन होने तक रोस्ट करें। फिर इनमें से 100 ग्राम ओट्स अलग रख दें। एक बाउल में 100 ग्राम रोस्टेड ओट्स लें और उसमें मैश उबले आलू ,गाजर,हरी मिर्च,अदरक,धनिया,हल्दी,लाल मिर्च,जीरा पाउडर,सौंफ,गर्म मसाला,चाट मसाला,नींबू का रस और नमक मिक्स करके मुलायम आटे की तरह तैयार कर लें। हाथ पर इस मिश्रण को थोड़ा सा लें और घोल टिक्की की शेप दें। एक कटोरी में मैदे को पानी में घोलकर मुलायम पेस्ट तैयार कर लें। मैदे के मिश्रण में टिक्की को डिप करके अलग रखे हुए रोस्टेड ओट्स में रोल करें। पैन में तेल गर्म करें और टिक्की को इसमें मीडियम आंच पर दोनों तरफ से गोल्डन ब्राउन होने तक फ्राई करें। फिर इसे नैपकिन पेपर पर निकाल लें। गर्म-गर्म टिक्की को कैचअप के साथ परोसें।

इडली मंचूरियन

सामग्री

10 पीस इडली, 1/2 कप कॉर्नफ्लोर, 1/2 कप मैदा, 1 चम्मच सोया सॉस, 1 चम्मच चिल्ली टोमेटो सॉस, 1/2 चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट, तेल तलने के लिए, ग्रेवी के लिए सामग्री, 1 प्याज (कटा हुआ), 1 हरी मिर्च (कटी हुई), अदरक, 1 कप शिमला मिर्च (कटी हुई), सोया सॉस, तेल, कॉर्नफ्लोर, 1 कप स्प्रिंग ऑनियन

विधि

सबसे पहले इडली को छोटे पीस में काट लें। अब एक बाउल में मैदा, कॉर्नफ्लोर, अदरक-लहसुन पेस्ट, नमक और पानी डालकर पेस्ट तैयार कर लें। अब इडली के पीस को इस घोल में डुबो कर डीप फ्राई कर लें। एक कड़ाही में थोड़ा सा तेल डाल कर गर्म करें। अब इसमें प्याज, शिमला मिर्च, हरी मिर्च और अदरक डालकर भून लें। इसके बाद इसमें आधा चम्मच सोया सॉस,चिल्ली टोमेटो सॉस मिलाक फ्राइड इडली डाल दें। अब इसमें कार्नफ्लोर को 2 कप पानी के साथ मिक्स करें। जब यह उबलने लगे तो आंच से हटा दें। स्प्रिंग ऑनियन के साथ गार्निश करके सर्व करें।

मेहंदी से पूरा करें सोलह श्रृंगार

भारतीय परंपरा में शादी-विवाह और त्योहारों के अवसर पर मेहंदी लगाना शुभ माना जाता है। सुहागिनों के लिए मेहंदी सौभाग्य की निशानी है। करवाचौथ के त्योहार पर महिलाएं इसे लगाकर शगुन करती है। इस त्योहार के आने में अब कुछ ही दिन बचे हैं।

बाजारों में काफी भीड़-भाड़ दिखाई देनी शुरू गई है। इस पर्व के 3-4 दिन पहले ही गली-मोड़ पर मेहंदी आर्टिस्ट महिलाओं के हाथ-पांव पर तरह-तरह के डिजाइन बनाते दिखाई देंगे। वहीं ब्यूटी पार्लर में भी कई तरह के ब्यूटी ऑफर दिए जाते हैं।

मेहंदी के डिजाइन्स

मेहंदी लगाने का फैशन भी अब मॉडर्न हो गया है। अब महिलाएं मेहंदी की डिजाइनिंग सिर्फ हाथ-पैरों पर ही नहीं बल्कि कंधे, कमर, पैरों के तलवे, गर्दन की पिछली तरफ पर भी करवा रही हैं। अगर आप बैकलेस ड्रेस पहनने वाली हैं तो बैक साइड पर भी मेहंदी की डिजाइन्स या टैटू स्टाइल मेहंदी लगवा सकती है।डिजाइनिंग में आप किसी भी तरह की फूल-पत्तियां, पति का नाम, जाली, बेल, ज्योमेट्रिकल डिजाइन, अरेबिक डिजाइन आदि बना सकते हैं।

अलग-अलग तरह की मेहंदी

वैसे तो हीना मेहंदी ही सबसे बेस्ट रहती है और हाथों पर गहरा रंग छोड़ती है, लेकिन बाजारों में आपको बहुत तरह के स्टाइल की मेहंदी मिलेगी। अगर आपके पास समय नहीं है तो आप इन्हें ट्राई कर सकती हैं।

छापे वाली डिजाइन

इसे लगाना सबसे आसान हैं। बस अलग-अलग तरह की कलरफुल डिजाइनिंग वाली छापों को हाथ-पैरों पर छापते जाएं।

कलरफुल मेहंदी

यह मेहंदी कैमिकल से तैयार होती है। इसे लगाकर आप 10 मिनट में गहरा रंग पा सकती हैं, लेकिन सेंसेटिव स्किन पर यह एलर्जी भी कर सकती हैं, इसलिए इसे लगाने से पहले एक बार हल्का सा ट्राई जरूर कर लें। अगर जलन-खुजली हो तो इसे ना लगाएं।

स्पार्कल या गिलटरी

बाजारों में आपको स्पार्कल या गिलटर वाली मेहंदी कीप भी मिल जाएंगी, जिसे आप अरेबिक स्टाइल में भी लगवा सकती हैं।

टैटू स्टाइल स्टीकर

इन दिनों बाजारों में आपको टैटू स्टाइल मेहंदी के भी ढेरों डिजाइन मिल जाएंगे। महिलाएं ज्यादातर इसे कमर, नाभी के आस-पास, गर्दन, कंधों पर बनवाना पसंद करती हैं। इसे लगाना भी कोई मुश्किल काम नहीं है, बस जहां टैटू लगाना है, वहां स्टीकर रखें और अच्छे से प्रेस करें और टैटू की ऊपरी परत उतार दें। टैटू चिपक जाएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136)